भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ

फा. सं. 6/23/2024 - डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

व्यापार उपचार महानिदेशालय

चौथी मंजिल, जीवन तारा भवन,

5 संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001

दिनांक: 23/09/2025

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

(मामला सं. एडी (ओआई) - 21/2024)

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. मेसर्स विनती ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, (जिसे इसके बाद "आवेदक" या "याचिकाकर्ता" या "वीओएल" के रुप में भी कहा गया है) ने समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे इसके बाद "अधिनियम" के रुप में भी कहा गया है) और समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे इसके बाद "नियम" भी कहा गया है) के अनुसार, चीन जन. गण. और सिंगापुर (जिसे इसके बाद "संबद्ध देश" के रुप में भी कहा गया है) के मूल के या वहां से निर्यातित **"कतिपय एंटीऑक्सिडेंट"** (जिन्हें इसके बाद "एओ" या "संबद्ध वस्तुएं" या "विचाराधीन उत्पाद" भी कहा गया है) के आयातों पर पाटनरोधी जांच की शुरूआत करने और पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद "प्राधिकारी" के रुप में भी कहा गया है) के समक्ष निर्धारित प्रपत्र में और निर्धारित तरीके से एक आवेदन दायर किया है।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

2. जांच के संबंध में नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन किया गया है:

क. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच की शुरूआत किए जाने से पूर्व वर्तमान पाटनरोधी आवेदन प्राप्त होने के संबंध में भारत में संबद्ध देशों/ राष्ट्रों के दूतावासों को सूचित किया है।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरूआत करने के लिए, दिनांक 26 सितंबर 2024 की अधिसूचना सं. 6/23/2024-डीजीटीआर के तहत भारत के असाधारण राजपत्र में एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की है।

ग. प्राधिकारी ने प्रश्नावली सहित सार्वजनिक सूचना की एक प्रति भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों, सभी ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और उपयोगकर्ताओं (जिनके विवरण आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को भेजी और उन्हें पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। उन्हें सूचना प्राप्त होने की तारीख से तीस दिनों के भीतर उत्तर देने का परामर्श दिया गया है।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात निर्यातकों और संबद्ध देशों के दूतावासों को आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति उपलब्ध कराई। किए गए अनुरोध के अनुसार, आवेदन की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई है।

ड. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार, संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों को संगत सूचना प्राप्त करने के लिए प्रश्नावली भेजी है:

क्र. सं.	उत्पादक/ निर्यातक
i.	गुआंगझौ फ्लाइंग ड्रेगन
ii.	बी ए एस एफ साउथईस्ट एशिया प्राइवेट लिमिटेड
iii.	जियीकेम
iv.	नानजिंग लान्या कैमिकैमिकल कंपनी लिमिटेड
v.	वनलीड इनोवेशन कंपनी लिमिटेड

vi.	पॉलिजेल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड
vii.	किंगदाओ रचिकेम कंपनी लिमिटेड
viii.	रियानलोन टैक्नोलोजी कंपनी लिमिटेड
ix.	शानडोंग लिन्यी सन्नी वैल्थ कैमिकल्स कंपनी लिमिटेड
x.	एस आई ग्रुप
xi.	सौंगवोन
xii.	सुक्विन यूनिटैकेम
xiii.	यूनिटैकेम

च. संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों/ निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली उत्तर दाखिल किया है अथवा अनुरोध किए हैं:

क्र. सं.	प्रतिवादी उत्पादक / निर्यातक
i.	बी ए एस एफ साउथ ईस्ट एशिया पैसेफिक प्राइवेट लिमिटेड (बी एस ई ए)
ii.	बी ए एस एफ (चाइना) कंपनी लिमिटेड (बी सी एच)
iii.	बी ए एस एफ केमिकल्स कंपनी लिमिटेड (बी ए सी एच)
iv.	बी ए एस एफ हांगकांग लिमिटेड (बी एच के एल)
v.	रियानलोन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड
vi.	रियानलोन (झोग वेई) न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड
vii.	रियानलोन (झूहाई) न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड
viii.	रियानलोन कॉर्पोरेशन

छ. रसायनों का एक स्टॉकिस्ट और व्यापारी, एरोकेम प्राइवेट लिमिटेड, शुरू में इस संबद्ध जांच में एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत था। बाद में कंपनी ने यह अनुरोध किया कि उसने जांच की अवधि के दौरान भारत को कोई एंटीऑक्सीडेंट निर्यात नहीं किया और हितबद्ध पक्षकार सूची से हटने का अनुरोध किया था।

ज. भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/ उपयोगकर्ताओं को भी प्रश्नावलियाँ भेजी गईं थी, जिनमें पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना की मांग की गई थी:

क्र. सं.	आयातक/ उपयोगकर्ता
i.	बी ए एस एफ इंडिया लिमिटेड (बी आई एल)
ii.	गेल (इंडिया) लिमिटेड
iii.	हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड
iv.	हाई ग्रेड इंडस्ट्रीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
v.	एच पी सी एल मित्तल एनर्जी लिमिटेड
vi.	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
vii.	मशीनो पॉलिमर्स लिमिटेड
viii.	मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड
ix.	मित्तल एंटरप्राइजेज
x.	प्रकाश केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
xi.	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
xii.	सोलारिस केमिकल कॉर्पोरेशन (सोलारिस स्पेक की इकाई)
xiii.	ओएनजीसी पेट्रो एडिशन्स लिमिटेड
xiv.	बी सी पी एल
xv.	नायरा एनर्जी लिमिटेड

झ. संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित आयातकों ने स्वयं को जांच में हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत कराया है:

क्र. सं.	प्रतिवादी आयातक
i.	बी ए एस एफ इंडिया लिमिटेड (बी आई एल)
ii.	एम्बिशियस पॉलीटेक
iii.	एमकॉम पॉलीसोल प्राइवेट लिमिटेड
iv.	चक्रवर्ती प्लास्टिक इंडस्ट्रीज
v.	कोराप्लास्ट इंडस्ट्रीज
vi.	रिलायंस सिलबर इलास्टोमर्स प्राइवेट लिमिटेड
vii.	सिडमा पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड

ञ. उपरोक्त में से, आयातक प्रश्नावली का उत्तर केवल बी ए एस एफ इंडिया लिमिटेड (बी आई एल) से प्राप्त हुआ है।

ट. उपरोक्त के अतिरिक्त, 2 एसोसिएशनों अर्थात केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सी पी एम ए) और कंपाउंड एंड मास्टरबैच मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी वर्तमान जांच में स्वयं को हितबद्ध पक्षकारों के रूप में पंजीकृत किया है। एसोसिएशनों के तर्कों के संबंध में, जहां तक संभव हुआ, उचित रूप से समाधान किया गया है। तथापि, दोनों एसोसिएशनों में से, आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर केवल केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सी पी एम ए) से प्राप्त हुआ है।

ठ. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों और संबंधित मंत्रालय को एक आर्थिक हित प्रश्नावली (ई आई क्यू) जारी की है। घरेलू उद्योग, बी ए एस एफ ग्रुप और एक आयातक एसोसिएशन, अर्थात सी पी एम ए द्वारा आर्थिक हित प्रश्नावली (ई आई क्यू) का उत्तर प्रस्तुत किया गया है।

ड. ऐसे दावों की पर्याप्तता के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की जांच की गई है। प्राधिकारी ने संतुष्ट होने पर, गोपनीयता के दावों को, जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहां तक संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

ढ. प्राधिकारी ने दिनांक 26 सितंबर 2024 की जांच शुरुआत अधिसूचना के पैरा 9 के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद के दायरे और उत्पाद नियंत्रण संख्या (पी सी एन) पर हितधारकों से जांच शुरुआत होने के 30 दिनों के भीतर टिप्पणियां आमंत्रित कीं, जो दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को समाप्त हो गईं। तथापि, प्राधिकारी द्वारा पी यू सी/ पी सी एन के दायरे पर टिप्पणियां दर्ज करने के लिए आगे अर्थात 4 नवंबर 2024 तक समय विस्तार दिया गया था।

ण. पी यू सी/ पी सी एन के दायरे पर टिप्पणियां प्राप्त होने के बाद, प्राधिकारी ने दिनांक 22 नवंबर 2024 को पी यू सी और पी सी एन कार्यप्रणाली के दायरे पर निर्णय लेने के लिए एक बैठक आयोजित की। प्राधिकारी ने पी यू सी और पी सी एन कार्यप्रणाली के संबंध में टिप्पणियां प्राप्त कीं और उन पर विचार किया। दिनांक 11 दिसंबर 2024 की अधिसूचना के माध्यम से पी यू सी और पी सी एन कार्यप्रणाली के दायरे को पुनः परिभाषित किया गया। हितबद्ध पक्षकारों को नोटिस जारी होने के 30 दिनों के भीतर अर्थात 10 जनवरी 2024 तक प्रश्नावली उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया गया था।

त. डीजी सिस्टम्स से क्षति जांच की अवधि और जांच की अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयातों का लेन-देन-वार विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। यह अनुरोध प्राधिकारी को प्राप्त हो गया है और इस अंतिम जांच परिणाम में इस पर विचार किया गया है।

थ. वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए आवश्यक समझी गई सीमा तक घरेलू उद्योग का सत्यापन किया गया था।

द. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर, भारत में संबद्ध वस्तुओं के निर्माण और बिक्री की लागत तथा उत्पादन लागत के आधार पर क्षति रहित कीमत (जिसे इसके बाद 'एन आई पी' कहा गया है) का निर्धारण किया गया है, जिसे सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जी ए ए पी) और पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध III के अनुसार बनाए रखा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वर्तमान पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त है।

ध. आवेदक ने आवेदन दाखिल करते समय जांच की अवधि के रूप में जुलाई 2023 - मार्च 2024 का प्रस्ताव रखा था। तथापि, प्राधिकारी ने जांच की अवधि (पी ओ आई) 1 जुलाई 2023 से 30 जून 2024 (12 माह की अवधि) मानी है। क्षति जांच की अवधि में 2020 - 2021, 2021 - 2022, अप्रैल 2022 - जून 2023 और जांच की अवधि शामिल है।

न. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 21 अप्रैल 2025 को आयोजित मौखिक सुनवाई के दौरान अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया था। हितबद्ध पक्षकारों से यह अनुरोध किया गया था कि वे दिनांक 28 अप्रैल 2025 तक अपने लिखित अनुरोध और 5 मई 2025 तक प्रत्युत्तर अनुरोध प्रस्तुत करें।

प. निर्दिष्ट प्राधिकारी के परिवर्तन के कारण, दिनांक 26 मई 2025 को एक नई मौखिक सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया था। हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे दिनांक 28 मई 2025 तक अपने लिखित अनुरोध और 30 मई 2025 तक प्रत्युत्तर अनुरोध प्रस्तुत करें।

फ. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए विचाराधीन सभी आवश्यक तथ्यों से युक्त प्रकटीकरण विवरण दिनांक 19 अगस्त 2025 को सभी हितबद्ध पक्षों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटीकरण उपरांत की टिप्पणियों की, जहां तक संगत समझा गया, जांच की है। ऐसा कोई भी आवेदन जो केवल पिछले आवेदन की पुनरावृत्ति मात्र था और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से जांच की गई थी, उसे संक्षिप्तता की दृष्टि से दोहराया नहीं गया है।

ब. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुंच से इनकार किया है या अन्यथा उपलब्ध नहीं कराई है या जांच में महत्वपूर्ण बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपनी टिप्पणियां दर्ज की हैं।

भ. इस अंतिम जांच परिणाम में "***" एक हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना को दर्शाता है और नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस पर विचार किया गया है।

म. अमेरिकी डॉलर को भारतीय रुपये में बदलने के लिए जांच अवधि के लिए विचारित विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = **83.99 रुपये** है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

3. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i) एओ 168 को पी यू सी के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि इसमें मेटिलॉक्स को आधार सामग्री के रूप में उपयोग नहीं किया गया है। एक्सोटिक डेकोर प्राइवेट लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले का संदर्भ दिया गया है, जहाँ सेस्टेट ने यह निर्णय दिया था कि प्लाईवुड की निचली परत वाली लकड़ी की फर्श को जांच में शामिल नहीं किया जा सकता, क्योंकि अधिसूचना में निचली परत के रूप में "रीयल वुड" के उपयोग का उल्लेख किया गया था। इसके अलावा, यह तकनीकी या व्यावसायिक रूप से अन्य एंटीऑक्सीडेंट के लिए प्रतिस्थापनीय भी नहीं है।

ii) आवेदक द्वारा व्यावसायिक मात्रा में उत्पादित और बिक्री न किए गए एंटीऑक्सीडेंट को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

iii) आवेदक के उत्पाद गुणवत्ता संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं और प्रयोगशाला परीक्षणों में असफल रहे हैं। अत: उन्हें ग्राहकों और प्रौद्योगिकियों के लाइसेंसधारकों द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था। उपयोगकर्ताओं से प्राप्त पत्राचार से यह पता चलता है कि आवेदक का उत्पाद उपयोगकर्ताओं द्वारा अपेक्षित विनिर्देशों से मेल नहीं खाता है। घटिया पैकेजिंग के कारण, आवेदक के उत्पाद में गांठें बनने की संभावना है और यह उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि इससे कंपाउंड की प्रवाहशीलता प्रभावित होती है।

iv) विभिन्न प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट, अर्थात् पाउडर और टैबलेट, की कीमत और लागत अलग-अलग होती है। पाउडर से टैबलेट बनाने के लिए एक अतिरिक्त

निर्माण प्रक्रिया शामिल होती है। एंटीऑक्सीडेंट की टाइप के आधार पर पी सी एन पद्धति को अतिरिक्त रूप से निर्धारित किया जाना चाहिए।

v) आवेदक ने दो मिश्रणों (ब्लेंड), अर्थात् बी215 और बी225, का उत्पादन और बिक्री की है, जिसका तात्पर्य यह है कि उसने संबंधित एंटीऑक्सीडेंट के किसी अन्य ब्लेंड की बिक्री नहीं की है। उत्पाद का दायरा केवल इन्हीं दो ब्लेंड तक सीमित होना चाहिए।

vi) पी यू सी परिभाषा का क्लॉज (छ) को हटाया जाना चाहिए, जिसमें किसी अन्य उत्पाद के साथ संबंधित एंटीऑक्सीडेंट का ब्लेंड शामिल है, यदि परिणामी ब्लेंड में संबंधित एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा 50% या उससे अधिक होती है। यह खंड बहुत व्यापक है और इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटीऑक्सीडेंट के अलावा अन्य उत्पादों के ब्लेंडिंग को भी शामिल किया जा सकता है, जिनके लिए आवेदक द्वारा कोई समान उत्पाद प्रस्तुत नहीं किया जाता है। एंटीऑक्सीडेंट प्राय: अन्य योजकों के साथ लिए जाते हैं। ब्लैंड सामग्री में एंटीऑक्सीडेंट के अलावा अन्य एडिटिव भी हो सकते हैं। यदि ब्लैंड में एंटीऑक्सीडेंट के अलावा अन्य एडिटिव मुख्य कार्य पर प्रभावकारी हो जाते हैं, तो मिश्रण अब एंटीऑक्सीडेंट नहीं रह जाता है।

vii) यदि पी यू सी परिभाषा में संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट्स के ब्लेंड को "किसी अन्य उत्पाद" के साथ शामिल किया गया है, तो यह सामान्य प्रक्रिया के अनुरूप नहीं होगा और पाटन, क्षति तथा कारणात्मक विश्लेषण गलत हो जाएगा।

viii) पी यू सी परिभाषा के क्लॉज (छ) में 50% का मानदंड यह सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत अपर्याप्त है कि अंतिम ब्लेंड एक एंटीऑक्सीडेंट है और इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यदि क्लॉज (छ) को बनाए रखा रखा जाता है, तो संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के अनुपात को भार के संदर्भ में कम से कम 80% तक संशोधित किया जाना चाहिए।

ix) "समतुल्य" और "अन्य उत्पाद" शब्द से पी यू सी की परिभाषा अस्पष्ट हो जाती हैं और कोई स्पष्टता प्रदान नहीं करती है। यह स्पष्ट नहीं है कि सीमा

शुल्क अधिकारी, विवरण से, "समतुल्य" या कम से कम 50% संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट वाले उत्पादों को कैसे पहचान पाएंगे।

x) प्रवंचना की आशंका होने से, ब्लेंड को जांच के दायरे में सम्मिलित किए जाने को आधार नहीं बनाया जा सकता। प्रवंचना की संकल्पना केवल वहीं लागू होगी जहां पर यह दर्शाया जा सके कि प्रवंचना करने वाला उत्पाद व्यावसायिक और तकनीकी दृष्टि से पी यू सी का स्थान ले सकता है या ऐसी स्थितियों में जहां यह स्थापित किया जा सके कि प्रवंचना करने वाले उत्पाद का उपयोग किसी भीप्रकार की रिवर्स इंजीनियरिंग द्वारा पी यू सी के उत्पादन के लिए किया जा सकता है। आवेदक का यह दावा है कि आवश्यक विशिष्टताओं अथवा अंतिम उपयोग में परिवर्तन किए बिना संरचना में मामूली सा बदलाव करके प्रवंचना को रोकने के लिए खंड (छ) को शामिल किया जाना आवश्यक है। तथापि, प्रवंचना संभव नहीं है क्योंकि अंतिम उपयोग अलग-अलग हैं।

xi) एओ बी2777, एओ168 और एओ1790 के 2:1 अनुपात में ब्लेंड को रियानलोन ग्रुप द्वारा निर्यात किया जाता है। चूंकि आवेदक द्वारा एओ1790 का निर्माण नहीं किया जाता है, अत: वे बी2777 का उत्पादन नहीं कर सकते हैं। तथापि, यह ब्लेंड पी यू सी के दायरे में आता है। अत: आवेदक को बी2777 के समतुल्य उत्पाद को प्रकटन करना आवश्यक होना चाहिए। किसी भी स्थिति में, ब्लेंडिंग केवल मिश्रण से कहीं अधिक है; और इसमें व्यापक शोध, स्थिर उत्पादन और टाइट्रेशन प्रयोगों के माध्यम से अपेक्षित गुणों को हासिल करना शामिल है।

xii) रियानलोन की प्राधिकारी के साथ इस बात पर असहमति है कि इस संबंध में साक्ष्य का अभाव है कि आवेदक द्वारा समान वस्तु का उत्पादन नहीं किया जाता है। यदि आवेदक द्वारा बी2777 का निर्माण किया जा रहा है, तो प्रमाण प्रस्तुत करने की ज़िम्मेदारी उसी की है। इसकी जिम्मेदारी अन्य हितबद्ध पक्षकारों पर नहीं डाली जा सकती है।

xiii) रियानलोन द्वारा रबड़ मार्केट के लिए एक प्रोपरायटरी ब्लैंड की भी बिक्री की जाती है, जिसमें 60% संबद्ध एओ और 40% दो अन्य एओ शामिल हैं जिनका आवेदक द्वारा उत्पादन नहीं किया जाता है। संबद्ध एओ या उसके ब्लैंड रबड़ अनुप्रयोगों के लिए निष्पादन मानकों को पूरा नहीं कर सकते। आवेदक इस ब्लैंड की प्रतिकृति नहीं बना सकता, क्योंकि इसमें संरचना संबंधी विवरण की कमी है और अन्य दो घटक का उत्पादन नहीं होता।

xiv) आवेदक द्वारा उल्लिखित की गई सीमा शुल्क टैरिफ की व्याख्या के सामान्य नियमों के संबंध में, उत्पाद वर्गीकरण केवल सांकेतिक है। केवल यह तथ्य होने से कि कोई उत्पाद किसी विशेष शीर्ष के अंतर्गत आता है, वह स्वतः ही "समान वस्तु" नहीं हो जाता है। कई जांचों में, यहां तक कि जब पी यू सी और एन पी यू सी दोनों को एक ही शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था, तब भी प्राधिकारी ने एन पी यू सी को उत्पाद के दायरे से बाहर रखा है।

xv) आवेदक ने यह कहा कि उसने आयात संबंधी डेटा का विश्लेषण किया है, जिसमें एच एस कोड भी शामिल हैं जिनका उल्लेख जांच शुरुआत सूचना में नहीं किया गया है। पी यू सी के अत्यधिक व्यापक वर्गीकरण में वे उत्पाद भी शामिल होंगे जो आवेदक द्वारा निर्मित नहीं हैं और इससे अधिक संरक्षण की संभावना बढ़ जाएगी।

xvi) जहां कुल आयातों का मात्र 4% ब्लैंड है और आवेदक की अपनी घरेलू बिक्री का 8% है, अर्थात एक छोटा सा अंश है, वहां पाटन होने का कोई मामला नहीं बनता है।

xvii) आवेदक का यह दावा है कि ब्लैंड को बाहर किए जाने से शुल्क कम हो जाएगा, क्योंकि उपभोक्ता आसानी से शुद्ध एओ के स्थान पर ब्लैंड उत्पादों को अपना सकता हैं। तथापि, ब्लैंड करना एक सरल प्रक्रिया नहीं है। इसके लिए शोध किए जाने की आवश्यकता है।

xviii) आवेदक यह प्रमाणित करने में विफल रहा है कि वह बी2777 के समान उत्पाद का उत्पादन करता है और आयातित उत्पाद के साथ अपने उत्पाद की अदला-

बदली के दावे को भी प्रमाणित करने में विफल रहा है। यह स्वीकार किया गया है कि आवेदक इस ब्लैंड का उत्पादन नहीं कर सकता। अत: बी2777 को उत्पाद के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

xix) किसी ब्लैंड के लिए सी ए एस उपलब्ध न होना यह दर्शाता है कि ब्लैंड एक विशिष्ट प्रक्रिया है। ब्लैंड की असीम संरचना संभव होने से एक विशिष्ट सी ए एस संख्या प्राप्त करना असंभव हो जाता है।

xx) एक बार ब्लैंड तैयार हो जाने के बाद, यह एक एकल कार्यात्मक उत्पाद बन जाता है, जो अपने अलग-अलग एंटीऑक्सीडेंट घटकों में वापस नहीं आ सकता है। अत: आवेदक का यह दावा कि ब्लैंड को बाहर किए जाने से ग्राहक शुद्ध एओ के स्थान पर ऐसे ब्लैंड उत्पादों को अपनाएंगे, जिससे कि उसे एओ168 की बिक्री में अनुमानित 2400 मीट्रिक टन की हानि होगी, गलत है।

xxi) किसी ब्लैंड में केवल संबद्ध एओ पर ही शुल्क लगाए जाने का प्रस्ताव प्राधिकारी के लिए प्रत्येक ब्लैंड में संबद्ध एओ की मात्रा की पहचान करने में एक व्यावहारिक चुनौती प्रस्तुत करता है।

xxii) जहां तक संदर्भित जांचों, अर्थात् 2,4-डी और कुछ एपॉक्सी रेजिन का संबंध है, इन मामलों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख नहीं किया गया है कि निर्दिष्ट सीमाओं के आधार पर मिश्रणों के भीतर केवल संबद्ध घटक पर ही शुल्क लगाया जाता है।

xxiii) सी पी एम ए इस बात की पुष्टि करता है कि उसके सदस्य केवल शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करते हैं और ये ब्लैंड न तो खरीदे जाते हैं और न ही घरेलू बाजार में व्यावसायिक रूप से प्रासंगिक हैं। अत: उत्पाद के दायरे में ब्लैंड को शामिल करना अनुचित है क्योंकि उपयोगकर्ता के अनुरोध और आवेदक के अपने आंकड़े शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट के उपयोग और वरीयता को दर्शाते हैं।

ग.2 घरेलू उद्योग के विचार

4. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i) विचाराधीन उत्पाद "एंटीऑक्सीडेंट" है जो निम्नलिखित सी ए एस संख्याओं या उनके समतुल्य के अनुरूप है:

क) 6683-19-8, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1010 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम पेंटाएरिथ्रिटोल टेट्राकिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल) प्रोपियोनेट) है।*

ख) 2082-79-3, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1076 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ऑक्टाडेसिल-3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल)-प्रोपियोनेट है।*

ग) 31570-04-4, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 168 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ट्रिस(2,4-डाइ-टर्ट ब्यूटाइलफेनिल) फॉस्फाइट है।*

घ) 23128-74-7, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1098 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम एन,एन'-हेक्सेन-1,6-डाइ-लबिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिलप्रोपियोनामाइड) है।*

ड़) 125643-61-0, जिसे एंटीऑक्सीडेंट एल135 या 1135, इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *रासायनिक नाम है बेंजीनप्रोपेनोइक अम्ल, 3,5-बिस (1,1-डाइमिथाइलएथिल)-4-हाइड्रॉक्सी-, सी7-9-ब्रांच्ड एल्काइल एस्टर)*

च) (क) से (ड) में उल्लिखित एंटीऑक्सीडेंट के ब्लैंड

छ) (क) से (ङ) में दिए गए किसी भी उत्पाद को मुख्य घटक/ भाग के रूप में रखने वाले एंटीऑक्सीडेंट।

ii) पॉलिमर में एंटीऑक्सीडेंट ऑक्सीकरण को रोकने के लिए आवश्यक हैं, अर्थात, एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें ऑक्सीजन किसी निश्चित पदार्थ के संपर्क में आकर उसका क्षरण करती है। प्लास्टिक उत्पादों का निर्माण उच्च तापमान पर किया जाता है जिससे कच्चे पॉलिमर को हानि होती है, क्योंकि वे तापीय ऑक्सीकरण नामक प्रक्रिया से गुजरते हैं। पॉलिमर को स्थिर बनाए रखने के लिए, निर्माण प्रक्रिया के दौरान एंटीऑक्सीडेंट मिलाए जाते हैं।

iii) विचाराधीन उत्पाद को बड़ी संख्या में एच एस कोड के अंतर्गत, मुख्य रुप से सीमा शुल्क अधिनियम के अध्याय 29 और 38 के अंतर्गत आयात किया जा रहा है, । आयातक वैकल्पिक एच एस कोड के अंतर्गत भी आयात कर सकते हैं, जिससे वास्तविक मात्रा की कम सूचना हो सकती है। प्राधिकारी द्वारा पहले से विचाराधीन कोड के अलावा ऐसे अन्य कोडों को भी जांच के दायरे में शामिल किया जाना चाहिए।

iv) संबद्ध वस्तुओं का लेन-देन कई ब्रांड नामों और विवरणों के अंतर्गत किया जाता है। उत्पाद के लिए कोई वैश्विक रूप से परिभाषित/ संहिताबद्ध नाम नहीं है। कुछ कंपनियों की संबद्ध वस्तुओं के लिए अपने स्वयं के ब्रांड नाम हैं, और ऐसे सभी नामों की पहचान करना संभव नहीं हो सकता है। शब्द "और इसके समतुल्य" का प्रयोग संबद्ध वस्तुओं के वैकल्पिक नामों को दर्शाने के लिए किया गया है।

v) पी यू सी परिभाषा के क्लॉज (छ) में शब्द "अन्य उत्पाद" से तात्पर्य ब्लैंड में एंटीऑक्सीडेंट के अलावा कार्यात्मक एडिटिव से है, जो एंटीऑक्सीडेंट की विशेषता से अंतिम अनुप्रयोग में अन्य कार्य प्रदान करते हैं।

vi) सीएएस संख्या या कैमिकल एब्सट्रैक्ट सर्विस संख्या, जिससे केवल एक पदार्थ के लिए निर्दिष्ट की गई एक विशिष्ट संख्या की पहचान होती है और इसलिए

प्रत्येक रसायन के लिए यह विशिष्ट है, इसलिए पी यू सी की पहचान करने के लिए विश्वास किया गया है।

vii) आवेदक द्वारा घरेलू बाजार में केवल बी215 और बी225 ब्लैंड की ही बिक्री की जा रही है। तथापि, बी1171 और बी912 जैसे अन्य ब्लैंड भी हैं जिनका उत्पादन किया गया है और निर्यात बाजार में आपूर्ति की जा चुकी है। आवेदक के पास ब्लैंड का निर्माण करने की क्षमता है। ब्लैंड कोई जटिल या तकनीकी प्रक्रिया नहीं है। इसमें केवल एंटीऑक्सीडेंट्स का भौतिक ब्लैंड किया जाना आवश्यक है। एक बार जब इस संयोजन/ अनुपात की जानकारी हो जाती है जिसमें कि अलग-अलग उत्पादों को मिलाना होता है, जिसके लिए केवल आर एंड डी की जरुरत होती है, तो ब्लैंड में केवल उत्पाद का मिश्रण करना शामिल होता है। ब्लैंड के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनें फंजीबल हैं, अर्थात, इन्हें किसी भी अपेक्षित अनुपात में आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट वाला सभी प्रकार का ब्लैंड तैयार करने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है।

viii) इस तर्क के संबंध में कि ब्लैंडिंग के लिए केवल मिश्रण करने की ही आवश्यकता नहीं होती, बल्कि इसे टाइट्रेशन प्रयोगों के द्वारा उत्पादन और अपेक्षित गुणों को स्थिर करना भी आवश्यक होता है, यह बिना किसी आधार के है। ग्राहकों को ब्लैंड और उपयोग किए जाने वाले अनुपात की जानकारी होती है। ब्लैंडिंग की प्रक्रिया में *अपने आप से* आर एंड डी की आवश्यकता नहीं होती है।

ix) आयातित और घरेलू बिक्री, दोनों में ब्लैंडिंग का एक छोटा का सा भाग होता है। तथापि, एंटीऑक्सीडेंट्स का शुद्ध रूप में या अलग-अलग उपयोग बहुत कम होता है। उद्योग में इनका प्रयोग डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोगों में ब्लैंड करने के लिए किया जा रहा है; अत: उपभोक्ता सामान्यत: शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट की खरीद करते हैं, लेकिन उनका उपयोग संयोजन में करते हैं। चूंकि उपयोगकर्ता अंततः एंटीऑक्सीडेंट के संयोजन (कंबिनेशन) या ब्लैंड का ही उपयोग करते हैं, अत उपयोगकर्ता: ब्लैंड को उत्पाद के दायरे से बाहर रखने से आसानी से शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट के आयातों के स्थान पर ब्लैंड को अपना सकेंगे।

x) यदि पाटनरोधी शुल्क केवल शुद्ध एओ पर लागू होता है और ब्लैंड को छूट प्राप्त है, तो ब्लैंड का शुल्क-मुक्त आयात किया जा सकता है, भले ही उनके स्थान पर तकनीकी और व्यावसायिक रूप से शुद्ध रूपों का प्रयोग किया जा सकता है, इस प्रकार क्लॉज (क) से (च) के अंतर्गत कवर होने वाले उत्पाद टाइप पर शुल्कों को बाहर किया किया जा सकता है।

xi) ब्लैंड की व्यापक क्षमता यह दर्शाती है कि ब्लैंड करने में केवल ज्ञात अनुपात में एंटीऑक्सीडेंट को मिलाए जाने की एक सरल प्रक्रिया शामिल है। ब्लैंड को बाहर किए जाने से शुल्कों का प्रयोजन ही विफल हो जाएगा।

xii) ब्लैंड तैयार करने के लिए शोध करना आवश्यक होता है, लेकिन ब्लैंडिंग स्वयं एक सरल भौतिक मिश्रण है। इसमें किसी रासायनिक प्रक्रिया का समावेश नहीं होता है। संघटकों में भी कोई बदलाव नहीं होता है, बल्कि ब्लैंड करने में इनके अपने मूल गुण को बने रहते हैं। वास्तव में, किसी ब्लैंड की कोई सी ए एस संख्या नहीं होती, बल्कि उसे उसके संघटक उत्पादों की सी ए एस संख्या के आधार पर निर्दिष्ट किया जाता है।

xiii) यद्यपि 95% संबद्ध वस्तुएं, चाहे वे आयात की गई हों या घरेलू स्तर पर निर्मित की गई हों, अपने शुद्ध रूप में बिक्री की जाती हैं, लेकिन उपभोग की जाने वाली पूरी मात्रा ब्लैंड रूप में होती है। उपभोक्ता या तो सीधे ब्लैंड की खरीद कर सकते हैं; शुद्ध उत्पाद की खरीद कर सकते हैं, उन्हें अपेक्षित अनुपात में ब्लैंड कर सकते हैं और परिणामस्वरुप तैयार ब्लैंड की कीमत ले सकते हैं; या केवल शुद्ध उत्पादों की अपेक्षित अनुपात में खरीद करके उनकी कीमत ले सकते हैं।

xiv) यदि क्लॉज (छ) को हटा दिया जाता है, तो शुल्क लगाए जाने के बाद आयातक 95% एंटीऑक्सीडेंट और 5% अन्य सामग्री वाले ब्लैंड का आयात भी शुरू कर सकते हैं ताकि शुल्कों से बचा जा सके। सके। तथापि, कार्यात्मक रूप से यह समान रहेगा, लेकिन यदि क्लॉज (छ) को हटा दिया जाता है, तो ऐसा उत्पाद शुल्क के दायरे से बाहर होगा।

xv) कुछ ग्राहक आवेदक से संबद्ध एओ और अन्य स्रोतों से असंबद्ध एओ की खरीद करते हैं, उन्हें ब्लैंड करते हैं और उपभोग करते हैं। उदाहरण के लिए, संबद्ध एओ 168 को प्लास्टिक उद्योग में उपयोग किए जाने के लिए 1:2 के अनुपात में एओ 1330, एओ 3114 और एओ 1024 जैसे असंबद्ध एओ के साथ ब्लैंड किया जाता है। यदि क्लॉज (छ) को हटा लिया जाता है, तो ये ग्राहक सीधे ब्लैंड का आयात कर सकते हैं, जिससे आवेदक को एओ 168 की बिक्री में 2,400 मीट्रिक टन की अनुमानित वार्षिक हानि होगा। आवेदक के उत्पाद को उपभोक्ताओं द्वारा अनुमोदित किया गया है। गुणवत्ता की शिकायतें व्यवसाय में सामान्य बात हैं, विशेष रुप से एक नए उद्योग के लिए। समय के साथ साथ शिकायतों में कमी आई है और आवेदक ने उनका समाधान किया है, जिसके परिणामस्वरूप बार-बार आदेश दिए गए हैं।

xvi) एओ 168 को बाहर करना उचित नहीं है। सभी फेनोलिक एंटीऑक्सीडेंट के लिए 2.6 डी टी बी पी से बने मेटिलॉक्स का कच्ची सामग्री के रूप में प्रयोग किया जाता है। एओ 168, एक फॉस्फेट एंटीऑक्सीडेंट है, जिसमें 2.4 डी टी बी पी का उपयोग करता है। यह अंतर उन्हें अलग-अलग उत्पादों के रूप में वर्गीकृत नहीं करता है। एंटीऑक्सीडेंट, चाहे उनकी संरचना कुछ भी हो, मुख्य रूप से प्लास्टिक फार्मुलेशन में एडिटिव के रूप में उपयोग किए जाते हैं, जो समान उद्देश्य की पूर्ति करते हैं और इस प्रकार उन्हें एक ही उत्पाद माना जाता है।

xvii) जांच शुरुआत सूचना जांच का आधार है और इसका उद्देश्य एक संपूर्ण दस्तावेज़ होना नहीं है। नियमों के तहत, प्राधिकारी को हितधारकों के अनुरोध के आधार पर जांच के दौरान उत्पाद के दायरे को स्पष्ट करने का पूरा अधिकार है। पी यू सी अधिसूचना में, प्राधिकारी ने सभी पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों को नोट किया और एओ 168 को पी यू सी दायरे में शामिल करते हुए, इसे एक अलग पी सी एन दिया, जो यह दर्शाता है कि मेटिलॉक्स को एक उत्पाद के रूप में मानने का एकमात्र मानदंड नहीं है।

xviii) (क) विचाराधीन उत्पाद अंदर आंतरिक समतुल्यता, (ख) विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न प्रकारों की परस्पर अदला बदली, (ग) विभिन्न प्रकारों की लागत और कीमतों में समानता के लिए कोई विधिक अपेक्षा नहीं है।

xix) जहां यह कथन दिया गया है कि सभी एंटीऑक्सीडेंट कच्ची सामग्री के रूप में मेटिलॉक्स का उपयोग करते हैं, के स्थान पर "जबकि एओ 1010, एओ 1076, एओ 1098 और एल135 कच्ची सामग्री के रूप में 2.6 डी टी बी पी का उपयोग करते हैं और एओ 168 कच्ची सामग्री के रूप में 2.4 डी टी बी पी का उपयोग करते हैं, मुख्य अंतर प्रत्येक एंटीऑक्सीडेंट टाइप के लिए विशिष्ट अतिरिक्त डी टी बी पी और प्रत्येक एंटीऑक्सीडेंट के लिए तैयार की गई विशिष्ट प्रक्रिया स्थितियों का हैं", रखा जा सकता है।

xx) ऐसे कथित एंटीऑक्सीडेंट, जिनके संबंध में यह कहा गया है कि उनकी बिक्री नहीं की गई है, वास्तव में आवेदक द्वारा वाणिज्यिक मात्रा में उनका उत्पादन और बिक्री की गई है।

xxi) क्लॉज (छ) में 50% मानदंड का प्रस्ताव इस कारण से किया गया है कि एक 50% या अधिक के ब्लैंड का उत्पाद उसके परिणामस्वरुप हुए ब्लैंड को अपनी आवश्यक विशिष्टताएं प्रदान करेगा। अधिकांश ब्लैंड सामान्यत: 1:1 अथवा 1:2 के अनुपात में मिश्रित होते हैं। इस सीमा को 80% तक बढ़ाने के सुझाव में वैज्ञानिक आधार की कमी है।

xxii) पी यू सी की परिभाषा के अंतर्गत शामिल पी यू सी के रूपों को अलग-अलग पी सी एन के रूप में माना जा सकता है। क्लॉज (च) के तहत शामिल ब्लैंड के मामले में, प्रत्येक ब्लैंड को अलग-अलग एंटीऑक्सिडेंट के भाग के साथ अलग से निर्दिष्ट किया जाना चाहिए। जबकि क्लॉज (छ) के तहत शामिल ब्लैंड के मामले में, प्रत्येक ब्लैंड को उसमें संबद्ध एंटीऑक्सिडेंट के भाग के साथ अलग से निर्दिष्ट किया जाना चाहिए। हितबद्ध पक्षकार ब्लैंड के भाग स्वरुप अन्य संघटक के मूल्य की पहचान कर सकते हैं और अपने दावे के समर्थन में उपयुक्त साक्ष्य प्रदान कर सकते हैं।

xxiii) पाउडर और टैबलेट के रूप में पी सी एन निर्धारित करना आवश्यक नहीं है। ये केवल सबद्ध वस्तुओं के विभिन्न रूप हैं। पहले पाउडर रूप का उत्पादन किया जाता है और उसके बाद केवल 2% मूल्य वृद्धि करके टेबलेट में तैयार किया जाता है। लागत का अंतर नगण्य है। इसके अतिरिक्त, आयात संबंधी डेटा में एंटीऑक्सीडेंट के रूप की पहचान नहीं की जा सकती। बाज़ार आसूचना से यह पता चलता है कि अधिकांश आयात पाउडर के रूप में होते हैं। आवेदक मांग के अनुसार दोनों रूपों का उत्पादन कर सकता है।

xxiv) संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन और बिक्री सामान्यतः मीट्रिक टन (एमटी)/ किलो ग्राम (किग्रा) में व्यक्त शुद्ध भार के रूप में की जाती है। अध्याय 29 और 38 के अंतर्गत सभी कोडों के लिए माप की निर्धारित इकाई, अर्थात् वे कोड जिनके अंतर्गत संबद्ध वस्तुओं का आयात किया जा रहा है, उनका भार भी किलो ग्राम में ही है।

xxv) घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुएं और चीन जन. गण. तथा सिंगापुर से आयात की गई संबद्ध वस्तुएं, भौतिक एवं रासायनिक विशिष्टताओं, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, कार्यों एवं उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशिष्टताओं के संदर्भ में तुलनीय हैं। ये दोनों ही तकनीकी और व्यावसायिक दृष्टि से प्रतिस्थापनीय हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु है।

xxvi) शुल्कों की सिफारिश केवल ब्लैंड में संबद्ध एओ की मात्रा तक ही की जा सकती है। इस प्रकार, असंबद्ध एओ पर लगाए जा रहे शुल्कों के संबंध में किसी भी समस्या का पर्याप्त रूप से समाधान किया जाएगा।

xxvii) सामंजस्यपूर्ण प्रणाली की व्याख्या के लिए सामान्य नियमावली का पैरा 3(ख) यह स्थापित करता है कि जहां कोई उत्पाद एक से अधिक संघटकों से मिल कर बना होता है, वहां आवश्यक विशिष्टता प्रदान करने वाला संघटक उसके वर्गीकरण के लिए निर्णायक होता है। यह उत्पाद की आवश्यक विशिष्टता का उल्लेख करता है, जो भौतिक विशिष्टताओं, अंतिम उपयोगों और उपभोक्ता की

धारणा, उत्पाद के दायरे और समान वस्तु का विश्लेषण किए जाने के प्रमुख कारकों के आकलन के लिए महत्वपूर्ण है। जहां पर वर्गीकरण उत्पाद की आवश्यक विशिष्टता और प्रमुख संरचना के अनुरूप होता है, वहां पर यह आयात किए गए उत्पाद और घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तु के बीच समानता की मात्रा निर्धारित करने में एक सहायक कारक के रूप में कार्य करता है। अत: सामान्य नियम इस तर्क का समर्थन करते हैं कि एओ की विशिष्टता एओ के प्रमुख संघटक द्वारा निर्धारित की जाएगी।

xxviii) जहां तक एओ के अलावा अन्य कार्यात्मक एडिटिव सहित ब्लेंडिंग अवयवों का संबंध है, किसी ब्लैंडिंग में अन्य कार्यात्मक योजकों एडिटिव को शामिल करने से वह एंटीऑक्सीडेंट के रूप में अयोग्य नहीं हो जाता है। यदि ब्लैंड में एंटीऑक्सीडेंट का कोई कार्य नहीं होता, तो उसे ब्लैंड में नहीं मिलाया जाता।

xxix) जहां तक बी2777 अर्थात् पी यू सी की परिभाषा के क्लॉज (छ) के अंतर्गत आने वाले ब्लैंड को बाहर करने का संबंध है है, यह ब्लैंड केवल रियानलोन द्वारा नहीं बनाया गया है। इसका निर्माण अन्य उत्पादक भी करते हैं। घरेलू उद्योग अन्य आपूर्तिकर्ताओं से असंद्ध संघटक अर्थात् एओ 1790 प्राप्त करके बी2777 बना सकता है। चूंकि इसका बाज़ार छोटा है, इसलिए घरेलू उद्योग ने ऐसा ब्लैंड नहीं बनाया है। अंतिम उपयोगकर्ता एओ 168 और एओ 1790 को अलग-अलग भी खरीद सकते हैं और समान स्थिरीकरण गुण प्राप्त करने के लिए उनका उपयोग कर सकते हैं। घरेलू उद्योग, किसी भी स्थिति में, केवल ब्लैंड के संबद्ध एओ संघटक पर ही पाटनरोधी शुल्क की मांग करता है, पूरे ब्लैंड पर नहीं। उदाहरण के लिए, यदि एओ 168, बी2777 का 67% है, तो कुल मात्रा के केवल 67% पर ही शुल्क लागू होगा।

xxx) जहां तक बी2777 को अन्य ब्लैंड, अर्थात् बी215 और बी225 से काफी भिन्न अनुप्रयोग होने के कारण बाहर करने का संबंध है, बी2777 एक ऐसा ब्लैंड है जिसमें दो-तिहाई भाग ब्लैंड एओ का है और इसीलिए इसका आयात होने से घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है।

xxxi) जहां तक 60% संबद्ध एओ और 40% दो अन्य एओ के साथ प्रोपरायटरी ब्लैंड का संबंध है, जिसके संबंध में यह आरोप लगाया गया है कि इसका उत्पादन आवेदक द्वारा नहीं किया गया है, यहां तक कि प्रतिवादी ने ऐसे ब्लैंड के नाम का भी उल्लेख नहीं किया है, जिससे घरेलू उद्योग को ब्लैंड की प्रकृति या वर्गीकरण परके संबंध में सूचित टिप्पणियां देने से रोका जा रहा है। फिर भी, शुल्क केवल ब्लैंड के ऐसे भाग पर ही लगाया जा सकता है जिसमें संबद्ध एओ शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति न किए गए वास्तविक ब्लैंड के उपयोगकर्ताओं को कोई अनुचित हानि न हो।

xxxii) जहां तक इस दावे का संबंध है कि आवेदक के पास ब्लैंड का उत्पादन करने के लिए जानकारी का अभाव है, यह बिना किसी आधार के है। ब्लैंड की बिक्री सामग्री के नामों का प्रकटन करके की जाती है, जिससे सूचना सुलभ हो जाती है। इसके अलावा, इनमें से कोई भी ब्लैंड पेटेंट के तहत कवर नहीं किया गया है। यदि वे वास्तव में विशिष्ट अथवा प्रोपरायटरी के होते, तो वे पेटेंट के योग्य होते।

xxxiii) आवेदक एक ग्राहक के साथ संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट और असंबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के ब्लैंड के संबंध में भी चर्चा कर रहा है।

xxxiv) आवेदक ने केवल संबद्ध एओ की मात्रा तक ही पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की मांग की है। प्राधिकारी इसे स्पष्ट कर सकते हैं कि असंबद्ध एओ पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

xxxv) भारत और चीन से 2,4-डी पर यू एस जांच में, यह पाया गया था कि 2,4-डी एसिड को उसके साल्ट अथवा एस्टर में परिवर्तित करना अथवा 2,4-डी के साथ असंबद्ध उत्पादों का निर्माण करना, 2,4-डी, उसके साल्ट अथवा उसके एस्टर को उत्पाद के दायरे से बाहर करना नहीं है। इस मामले में, वाणिज्य विभाग ने केवल 2,4-डी, उसके साल्ट और फॉर्मूलेशन के भीतर एस्टर संघटकों पर शुल्क लगाया। इसी प्रकार, एपॉक्सी रेजिन मामले में, निर्दिष्ट प्राधिकारी ने माना कि यदि एपॉक्सी रेजिन कुल वजन का कम से कम 30% बनाता है तो मोडिफायर या एडिटिव को उत्पाद के दायरे में शामिल किया गया था।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

5. आवेदन और जांच शुरुआत अधिसूचना में विचाराधीन उत्पाद को निम्नलिखित सीएएस संख्याओं या उनके समकक्ष के अनुरूप एंटीऑक्सीडेंट के रूप में परिभाषित किया गया था:

क) 6683-19-8, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1010 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम पेंटाएरिथ्रिटोल टेट्राकिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल) प्रोपियोनेट) है।*

ख) 2082-79-3, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1076 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ऑक्टाडेसिल-3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल)-प्रोपियोनेट है।*

ग) 31570-04-4, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 168 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ट्रिस(2,4-डाइ-टर्ट ब्यूटाइलफेनिल) फॉस्फाइट है।*

घ) 23128-74-7, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1098 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम एन,एन'-हेक्सेन-1,6-डाइ-लबिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिलप्रोपियोनामाइड) है।*

ड़) 125643-61-0, जिसे एंटीऑक्सीडेंट L135 या 1135, इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *रासायनिक नाम है बेंजीनप्रोपेनोइक अम्ल, 3,5-बिस (1,1-डाइमिथाइलएथिल)-4-हाइड्रॉक्सी-, सी7-9-ब्रांच्ड एल्काइल एस्टर)*

च) (क) से (ङ) में उल्लिखित एंटीऑक्सीडेंट के ब्लैंड

छ) (क) से (ङ) में दिए गए किसी भी उत्पाद को मुख्य घटक/ भाग के रूप में रखने वाले एंटीऑक्सीडेंट।

6. आवेदक ने यह प्रस्ताव दिया कि पी यू सी के दायरे में आने वाले विभिन्न प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट को अलग-अलग पी सी एन द्वारा दर्शाया जाना चाहिए।

7. हितबद्ध पक्षकारों को, जांच शुरूआत सूचना के पैरा 9 के माध्यम से, जांच शुरू होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर प्रस्तावित पी सी एन पद्धति पर अपनी टिप्पणियां/ सुझाव प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी। इसके बाद, पी यू सी/ पी सी एन पद्धति पर टिप्पणियां या सुझाव दाखिल करने की समय-सीमा को दिनांक 4 नवंबर 2024 तक बढ़ा दिया गया।

8. हितबद्ध पक्षकारों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर टिप्पणियां प्राप्त हुईं थी। टिप्पणियों के प्राप्त होने के बाद, पी यू सी और पी सी एन कार्यप्रणाली के दायरे पर की गई टिप्पणियों पर चर्चा करने और उन्हें समझने के लिए दिनांक 22 नवंबर 2024 को अपराह्न 04:00 बजे (आईएसटी) एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। चर्चा किए जाने के बाद, हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 27 नवंबर 2024 तक लिखित रूप में अपनी टिप्पणियों को विस्तृत रुप में और उन्हें आगे प्रमाणित करने की अनुमति दी गई। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की प्राधिकारी द्वारा दिनांक 11 दिसंबर 2024 के नोटिस के माध्यम से जांच की गई।

9. "पी यू सी के दायरे को दिनांक 11 दिसंबर 2024 के नोटिस के माध्यम से इस प्रकार से स्पष्ट किया गया है:

क) 6683-19-8, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1010 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम पेंटाएरिथ्रिटोल टेट्राकिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल) प्रोपियोनेट) है।*

ख) 2082-79-3, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1076 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ऑक्टाडेसिल-3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल)-प्रोपियोनेट है।*

ग) 31570-04-4, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 168 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ट्रिस(2,4-डाइ-टर्ट ब्यूटाइलफेनिल) फॉस्फाइट है।*

घ) 23128-74-7, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1098 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम एन,एन'-हेक्सेन-1,6-डाइ-लबिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिलप्रोपियोनामाइड) है।*

ड़) 125643-61-0, जिसे एंटीऑक्सीडेंट एल135 या 1135, इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *रासायनिक नाम है बेंजीनप्रोपेनोइक अम्ल, 3,5-बिस (1,1-डाइमिथाइलएथिल)-4-हाइड्रॉक्सी-, सी7-9-ब्रांच्ड एल्काइल एस्टर)*

च) (क) से (ङ) में उल्लिखित एंटीऑक्सीडेंट के ब्लैंड

छ) (क) से (ङ) में उल्लिखित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट का किसी अन्य उत्पाद के साथ ब्लैंड, यदि परिणामी ब्लैंड में संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा 50% या उससे अधिक है"'

10. यह भी स्पष्ट किया गया कि:

क. "समतुल्य" शब्द क्लॉज (क) से (ङ) के अंतर्गत संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के वैकल्पिक नामों या कंपनी-विशिष्ट ब्रांड नामों को संदर्भित करता है।

ख. क्लॉज (छ) के अंतर्गत "कोई अन्य उत्पाद" असंबद्ध एंटीऑक्सीडेंट और/ अथवा मीट्रिक टन में भार के अनुसार किसी भी एडिटिव को संदर्भित करता है।

ग. ब्लैंड के मामले में, हितबद्ध पक्षकार (क) उसके भाग स्चरुप संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट और (ख) ब्लैंड में विभिन्न ए ओ का अंश निर्दिष्ट कर सकते हैं।

11. यह विचार करते हुए कि प्रत्येक प्रकार के ए ओ की लागत अलग होती है और इसलिए कीमत भी अलग होती है, पी यू सी के दायरे में आने वाले उत्पाद प्रकारों को अलग-अलग पी सी एन माना गया है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक ब्लैंड को एक अलग पी सी एन माना गया है। तदनुसार, निम्नलिखित पी सी एन पद्धति अपनाई गई है।

क्र सं	विशेषता	विवरण	कोड
a)	उत्पाद का प्रकार	एंटीऑक्सीडेंट	ए
		ब्लैंड	बी
b)	एंटीऑक्सीडेंट का प्रकार	6683-19-8, जिसे AO 1010 और इसके समकक्ष भी कहा जाता है	1010
		2082-79-3, जिसे एओ 1076 और इसके समकक्ष भी कहा जाता है	1076
		31570-04-4, जिसे एओ 168 और इसके समकक्ष भी कहा जाता है	0168
		23128-74-7, जिसे एओ 1098 और इसके समकक्ष भी कहा जाता है	1098
		125643-61-0, जिसे एओ एल135 या 1135, इसके समकक्ष भी कहा जाता है	1135
c)	ब्लैंड का प्रकार	विषय एओ के ब्लैंड	बी ए
		संबद्ध एओ और असंबद्ध एओ/ उत्पादों के ब्लैंड	बी ओ

12. प्राधिकारी यह स्पष्ट करते हैं कि क्लॉज (छ) के अनुसार, **ऐसे ब्लैंड का केवल संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट ही इस जांच के दायरे में आता है** और यदि सिफारिश की जाती है, तो पाटनरोधी शुल्क केवल उस ब्लैंड के भाग पर लागू होगा जिसमें संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट शामिल है। किसी भी स्थिति में, यदि सिफारिश की जाती है, तो असंबद्ध संघटक उपायों के दायरे से बाहर होंगे।

13. अन्य पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि जांच शुरुआत अधिसूचना में यह कहा गया है कि सभी संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट मेटिलॉक्स को आधार कच्ची सामग्री के रूप में उपयोग

करते हैं और एओ168 को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर होना चाहिए क्योंकि यह मेटिलॉक्स को कच्ची सामग्री के रूप में उपयोग नहीं करता है। यह भी तर्क दिया गया है कि एओ 168 आवेदक द्वारा उत्पादित नहीं किया जाता है और यह अन्य एंटीऑक्सीडेंट से भिन्न है, इसके एच एस कोड अलग हैं, और तकनीकी या व्यावसायिक रूप से प्रतिस्थापन योग्य नहीं है। यह नोट किया जाता है कि आवेदक ने स्पष्ट किया है कि सभी एंटीऑक्सीडेंट प्राथमिक कच्ची सामग्री के रूप में ब्यूटाइल फिनोल - 2,4 डी टी बी पी या 2,6 डी टी बी पी का उपयोग करते हैं। फिर भी, कच्ची सामग्री ही एकमात्र ऐसा मानदंड नहीं था जिसके आधार पर प्राधिकारी ने विभिन्न उत्पाद प्रकारों को एक पी यू सी माना है। प्राधिकारी ने इस तथ्य पर भी विचार किया कि उत्पादन उपकरण, उत्पादन प्रक्रिया और प्रत्येक प्रकार के परिणामी लक्षण काफी हद तक एक जैसे हैं। सभी संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट व्यापार और उपयोग में आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं। एओ168 सहित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट का आवश्यक कार्य स्टेबलाइजर के रूप में कार्य करना, प्रसंस्करण के दौरान और उत्पाद जीवन चक्र के दौरान पॉलिमर के क्षरण को रोकना है। जबकि इन एंटीऑक्सीडेंट की विशिष्ट संरचना और गुण अलग-अलग हो सकते हैं, इन एंटीऑक्सीडेंट में मौलिक भूमिका समान रहती है, अर्थात प्लास्टिक के ऑक्सीकरण/ क्षरण को रोकना। यह भी देखने में आया है कि आवेदक ने एओ168 को वाणिज्यिक मात्रा में बिक्री की है।

14. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि आवेदक व्यावसायिक मात्रा में एओ1098 का उत्पादन नहीं कर रहा है। आवेदक ने व्यावसायिक मात्रा में एओ 1098 की बिक्री के साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। यह भी देखने में आया है कि इस ग्रेड का आयात और मांग अपने आप में ही काफी कम है।

15. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि आवेदक द्वारा उत्पादित नहीं किए गए और क्लॉज (च) के अंतर्गत आने वाले संबद्ध एंटीऑक्सीडेंटों के ब्लैंड को बाहर रखा जाना चाहिए और उनका दायरा बी215 और बी225 तक सीमित होना चाहिए। यह नोट किया जाता है कि चूंकि आवेदक पहले से ही क्लॉज (क) से (ड़) तक के संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट का उत्पादन कर रहा है, अत: बी215 और बी225 के अलावा अन्य ब्लैंड बनाने के लिए केवल संबद्ध एंटीऑक्सीडेंटों को बिना किसी रासायनिक प्रक्रिया के विभिन्न अनुपातों में ब्लैंड करने की आवश्यकता होती है । इसके अतिरिक्त, संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के अन्य

ब्लैंड भी हैं, जैसे बी1171 और बी912, जिनका आवेदक ने उत्पादन किया है और निर्यात बाजार में बिक्री की है। अत: संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट्स के ब्लैंड को उत्पाद के दायरे में सही रूप से शामिल किया गया है, क्योंकि वे कार्यात्मक और भौतिक रूप से क्लॉज (क) से (ड़) में संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट्स से उत्पन्न हुए हैं।

16. जबकि आवेदक ने यह दावा किया है कि ब्लैंड एक साधारण ब्लेंडर में विभिन्न उत्पादों को मिलाने की एक छोटी प्रक्रिया है, जिसमें कोई रासायनिक प्रतिक्रिया शामिल नहीं होती है और यह कहा कि यदि ऐसे ब्लैंड के लिए आदेश प्राप्त होते हैं, तो वह संबंधित एंटीऑक्सीडेंट्स को ब्लैंड कर सकता है, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया कि ब्लैंड केवल मिश्रण से कहीं अधिक है और इसके लिए अनुसंधान की आवश्यकता है। प्राधिकारी रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना के आधार पर यह नोट करते है कि ब्लैंड में संबंधित वस्तुओं की कोई रासायनिक प्रतिक्रिया शामिल नहीं है, बल्कि यह उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं के आधार पर आनुपातिक ब्लैंड की एक प्रक्रिया है। जबकि हितबद्ध पक्षकारों ने यह दावा किया है कि ब्लैंड के लिए अनुसंधान की आवश्यकता है, आवेदक ने यह स्पष्ट किया है कि एंटीऑक्सीडेंट को मिलाने की भौतिक क्रिया में आर एंड डी प्रयास शामिल नहीं हैं। इसके बजाय, किसी विशिष्ट आवश्यकता को पूरा करने के लिए ब्लैंड में अलग-अलग एंटीऑक्सीडेंट के अनुकूल संयोजन और अनुपात का निर्धारण करने के लिए आर एंड डी की आवश्यकता होती है। यह अनुरोध किया जाता है कि ग्राहकों को सामान्यत: उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने वाले ब्लैंड अनुपातों और संरचनाओं के संबंध में सूचित किया जाता है। प्राधिकारी ने आवेदक और उसके ग्राहक के बीच संचार से यह भी नोट किया है कि आवेदक द्वारा टेलर-मेड ब्लैंड, अर्थात् उपभोक्ताओं द्वारा मांगे गए अनुपातों के अनुसार, भी तैयार किए गए हैं। ऐसे संचारों से यह स्पष्ट होता है कि ग्राहकों ने ब्लैंड अनुपात में परिवर्तन और नए ब्लैंड के निर्माण का अनुरोध किया है, जिसके बाद आवेदक ने तकनीकी डेटा शीट (टी डी एस) साझा की है और संबंधित आदेश प्राप्त किए। यह भी देखने में आया है कि ग्राहकों ने यह भी पूछा है कि क्या आवेदक उपयोगकर्ता की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संबद्ध और असंबद्ध एंटीऑक्सीडेंट का ब्लैंड प्रदान कर सकता है। इसके उत्तर में, आवेदक ने एक नमूना तैयार किया और ग्राहक के साथ टीडीएस साझा किया। यह इस बात की और

पुष्टि करता है कि उपभोक्ता अनुपातों से अवगत हैं और ब्लैंड ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुसार बनाए जाते हैं। ब्लैंड और अनुपात सभी पक्षकारों को ज्ञात हो जाते हैं।

17. यह भी नोट किया जाता है कि वर्तमान अवधि के दौरान उपभोक्ताओं को की गई अधिकांश बिक्री शुद्ध रूप में है और शुद्ध रूप पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने और ब्लैंड को छूट दिए जाने की स्थिति में ग्राहक आसानी से ब्लैंड का उपयोग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं द्वारा ब्लैंड आसानी से किया जा सकता है, क्योंकि वे आपूर्तिकर्ताओं द्वारा ब्लैंड को किस अनुपात में मिलाया जाता है, इसकी उन्हें अच्छी तरह जानकारी हैं। दिनांक 26 मई 2025 को हुई मौखिक सुनवाई के दौरान, प्राधिकारी ने पूछा कि क्या उपयोगकर्ता एसोसिएशन के सदस्य शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट की खरीद करते हैं और उनका उपयोग संयोजन करने में ब्लैंडिंग के बाद करते हैं, लेकिन उनके लिखित अनुरोध में पूछे गए प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया गया।

18. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि आवेदक द्वारा अन्य उत्पादों के साथ संबंधित एंटीऑक्सीडेंट का ब्लैंड तैयार नहीं किया जाता है और उन्हें शामिल नहीं किया जाना चाहिए। यह तर्क दिया गया कि यदि ऐसे ब्लैंड को शामिल किया जाता है, तो उन्हें पी यू सी का भाग तभी बनाया जाना चाहिए जब संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट में से एक एंटीऑक्सीडेंट 80% या उससे अधिक हो। आवेदक ने यह तर्क दिया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इसका खंडन नहीं किया है कि जबकि संबद्ध वस्तुएं मुख्य रूप से अपने शुद्ध रूप में बेची जाती हैं, खपत का लगभग पूरा हिस्सा मिश्रण के रूप में होता है, जिसका तात्पर्य यह है कि सभी उपयोगकर्ता अनिवार्य रूप से एंटीऑक्सीडेंट के संयोजन का उपयोग करते हैं। इस प्रकार, यह देखने में आया है कि केवल संबद्ध शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट तक शुल्कों को सीमित करने से उत्पाद को उसके शुद्ध रूप में आयात करने के बजाय ब्लैंड में खरीद को स्थानांतरित करने से शुल्क से बचाव होगा। इस प्रकार, क्लॉज (छ) के तहत कवर किए गए ब्लैंड विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल हैं। इसके अलावा, क्लॉज (छ) में संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के 50% का मानदंड उपयुक्त माना जाता है क्योंकि एक उत्पाद जो ब्लैंड में 50% या अधिक (भार से) होता है, वह "अधिकांश" या "प्रमुख" हिस्सा बनेगा और ब्लैाड को प्रमुख विशेषता प्रदान करेगा।

19. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा सामंजस्यपूर्ण प्रणाली की व्याख्या के लिए सामान्य नियमों के संदर्भ पर विचार किया है, जिसमें कहा गया है कि ब्लैंड या ब्लैंड वस्तुओं के मामले में, वर्गीकरण उस सामग्री या घटक पर आधारित होगा जो उत्पाद को उसका आवश्यक गुण प्रदान करता है। जबकि हितबद्ध पक्षकारों ने यह कहा है कि केवल वर्गीकरण से यह स्थापित नहीं होता है कि कोई उत्पाद संबद्ध वस्तुओं के समान है या उनके साथ विनिमेय है, आवेदक ने यह तर्क देने के लिए इस सिद्धांत का सहारा लिया है कि यदि मुख्य घटक एक संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट है जो ब्लैंड को आवश्यक गुण प्रदान करता है, तो ब्लैंड को शामिल किया जाना चाहिए। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ऐसा संदर्भ यह सुझाव देने के लिए नहीं लिया गया है कि टैरिफ वर्गीकरण उत्पाद के दायरे का निर्धारण करेगा। इसका केवल एक उत्पाद के आवश्यक गुण की पहचान करने के महत्व को उजागर करने के लिए सहारा लिया गया है।

20. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि वे ऐसे ब्लैंड का उत्पादन और निर्यात करते हैं जिनके लिए आवेदक द्वारा समान वस्तु की पेशकश नहीं की जाती है, क्योंकि वह ब्लैंड के सभी घटकों का निर्माण नहीं करता है। उदाहरण के लिए, प्रतिवादी एओ बी2777 का निर्यात करता है, जो 2:1 के अनुपात में एओ168 और एओ1790 का ब्लैंड है। तथापि, चूंकि आवेदक एओ1790 का उत्पादन नहीं करता है, अत: वह ब्लैंड एओ बी2777 का उत्पादन करने में असमर्थ है। इस संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ग्राहक दो अलग-अलग संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट की खरीद कर सकते हैं और उन्हें निर्धारित अनुपात में ब्लैंड कर सकते हैं। जैसा कि ऊपर पहले ही निर्णय दिया जा चुका है, पाटनरोधी शुल्क केवल ब्लैंड के उस भाग या ब्लैंड का हिस्सा बनने वाले ऐसे घटक पर लागू होगा जिसके लिए आवेदक द्वारा समान वस्तु की पेशकश की जाती है। संबद्ध ब्लैंड के किसी भी घटक के लिए, जिसके लिए आवेदक समान वस्तु की पेशकश नहीं करता है, कोई शुल्क लागू नहीं होगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि शुल्क केवल ऐसे ब्लैंड पर लागू होगा जहां पी यू सी परिभाषा के (क) से (ड़) में संदर्भित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट परिणामी ब्लैंड का 50% या उससे अधिक हिस्सा बनाते हैं। यह नोट किया जाता है कि एओ 168 अर्थात, एक संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट बी2777 की संरचना में 67% भाग बनाता है। इसके अलावा, चूंकि शुल्क पूरे ब्लैंड पर लागू नहीं है, जिसमें संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट अधिकांश हिस्सा बनाते हैं, आवेदक को यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता नहीं है कि वह ऐसे बलैंड के लिए एक समान वस्तु

प्रदान करता है। किसी भी मामले में, आवेदक द्वारा यह प्रस्तुत किया गया है कि हालांकि इसने कम बाजार मांग के कारण बी2777 का उत्पादन नहीं किया है, यह अन्य उत्पादकों से एओ1790 की खरीद कर सकता है, और ब्लैंड बी2777 बना सकता है। प्राधिकारी आवेदक द्वारा किए गए इस अनुरोध को नोट करते हैं कि कई उपयोगकर्ता वर्तमान में संबद्ध एओ और असंबद्ध एओ को अलग-अलग खरीद रहे हैं इसलिए, ऐसी स्थिति में जहाँ क्लॉत (छ) के अंतर्गत आने वाले ब्लैंड, जिनमें बी2777 भी शामिल है, को बाहर रखा गया है, आयातकों को अलग-अलग शुद्ध एओ खरीदने और उनका संयोजन में उपयोग करने के बजाय आवश्यक एओ के मिश्रण का आयात करने के लिए प्रेरित कर सकता है। इससे संबंधित एओ की मांग ऐसे ब्लैंड की ओर बढ़ जाएगी, जिससे घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति होगी, और वह उद्देश्य विफल हो जाएगा जिसके लिए घरेलू उद्योग ने वर्तमान उपायों की मांग की है।

21. रबड़ अनुप्रयोगों में प्रयुक्त कतिपय प्रोपरायटरी ब्लैंड में 60% संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट और 40% असंबद्ध एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आवेदक द्वारा उत्पादित नहीं होते हैं, इस तर्क के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि ब्लैंड बी2777 के मामले की तरह, ऐसे ब्लैंड की संरचना बिक्री के समय प्रकट की जाती है और बाजार को ज्ञात होती है। आवेदक अन्य निर्माताओं से असंबद्ध संघटक प्राप्त कर सकता है और आवश्यकता पड़ने पर ब्लैंड की प्रतिकृति बना सकता है। ग्राहक भी संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट अलग से प्राप्त कर सकते हैं और फिर ब्लैंड बना सकते हैं क्योंकि पाटनरोधी शुल्क केवल संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के ब्लैंड के भाग पर ही लागू होगा, असंबद्ध संघटकों पर नहीं।

22. "समतुल्य" और "अन्य उत्पाद" जैसे शब्दों के बारे में भी चिंताएं व्यक्त की गई हैं, जो उत्पाद की परिभाषा को व्यापक बनाते हैं और सीमा शुल्क अधिकारियों के लिए उत्पाद की पहचान करना कठिन बनाते हैं। यह नोट किया जाता है कि "समतुल्य" शब्द का प्रयोग पी यू सी के दायरे में किया गया है क्योंकि उत्पादक कभी-कभी अपने ब्रांड नामों के आधार पर उत्पादों का निर्यात करते हैं। इस प्रकार, उपायों के संभावित परिहार को रोकने के लिए, नामों में "समतुल्य" शब्द शामिल करना आवश्यक है। जहां तक "अन्य उत्पादों" और सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा पहचान का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि ब्लैंड का आयात करते समय उनके अवयवों का प्रकटन

किया जाता है। इस प्रकार, ऐसी सूचना सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ-साथ उद्योग और उसके उपयोगकर्ताओं को भी उपलब्ध होगी।

23. यह तर्क दिया गया है कि चूंकि ब्लैंड एक अंश होते हैं, इसलिए पाटन का कोई मामला नहीं बनता। तथापि, यह देखने में आया है कि संबद्ध वस्तुओं में न केवल ब्लैंड, बल्कि शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट भी शामिल हैं। इसके अलावा, उत्पाद के दायरे से ब्लैंड को बाहर करके केवल शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट पर शुल्क लगाने से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जहां उपयोगकर्ता शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट की खरीद करने के बजाय, जो वर्तमान आयात का अधिकांश हिस्सा हैं, ब्लैंड का आयात करने लगेंगे। ऐसी स्थिति में शुल्क अप्रभावी हो जाएंगे।

24. जहां तक प्रवंचना की आशंका के दायरे में वृद्धि करने का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि शुल्कों को केवल शुद्ध (बिना ब्लैंड) एंटीऑक्सीडेंट तक सीमित करने से आयातकों को शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट्स से उन्हीं के ब्लैंड में आयात स्थानांतरित करके शुल्कों से बचने का अवसर मिल सकता है और जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, अधिकांश खपत ब्लैंड के रूप में होती है। ऐसा परिणाम, अर्थात् शुल्कों को केवल शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट्स तक सीमित करने से लगाए गए शुल्कों की सुधारात्मक प्रभावकारिता कम हो जाएगी। अत: प्रस्तावित उपाय की प्रभावकारिता सुनिश्चित करने और इसके परिहार को रोकने के लिए, विचाराधीन उत्पाद के दायरे को शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट और उनके ब्लैंड, दोनों को शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि आयातक और निर्यातक केवल संबद्ध वस्तु के रूप में परिवर्तन करके शुल्कों से बच न सकें, जबकि उनकी आवश्यक विशेषता और कार्यक्षमता बरकरार रहे।

25. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि एक बार ब्लैंड तैयार हो जाने के बाद, यह एक एकल कार्यात्मक उत्पाद बन जाता है, जो अपने व्यक्तिगत एंटीऑक्सीडेंट घटकों में वापस नहीं लौट सकता। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आवेदक ने यह दावा नहीं किया है कि शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट को ब्लैंड से वापस लाया जा सकता है। तथापि, अधिकांश खपत ब्लैंड के रूप में होती है और इसलिए, ब्लैंड से शुद्ध उत्पाद प्राप्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है। मुख्य चिंता यह है कि यदि ब्लैंड को दायरे

से बाहर रखा जाता है, तो आयातक अपनी आवश्यकताओं को शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट से बदलकर ब्लैंड में बदल सकते हैं, उसी अनुपात में जिस अनुपात में वे अन्यथा उनका उपयोग करते हैं। इससे प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क अप्रभावी हो जाएगा।

26. कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाई गई गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के संबंध में, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संभावित गुणवत्ता अंतर यह स्थापित नहीं करते कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत उत्पाद आयातित संबद्ध वस्तुओं के समान वस्तु नहीं है। न ही यह उत्पादों की अदला-बदली की अनुपस्थिति को स्थापित करता है। हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेज़ एक उपयोगकर्ता और घरेलू उद्योग के बीच के संचार हैं, जिसमें उपयोगकर्ता ने प्रवाहशीलता और पैकिंग संबंधी मुद्दों की ओर संकेत किया है। यह देखने में आया है कि उक्त संचार यह स्थापित नहीं करते कि घरेलू उद्योग के उत्पाद का आयातित उत्पाद के साथ अदला-बदली के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। आवेदक ने कहा है कि वह एक नया उत्पादक है और प्राप्त ऐसी शिकायतों का विधिवत समाधान किया गया है। आवेदक के संयंत्र में भौतिक सत्यापन के दौरान प्राधिकारी द्वारा नमूना आधार पर भी इसका सत्यापन किया गया और रिकार्ड का रखरखाव किया गया है। यह देखने में आया है कि आवेदक ने ग्राहक द्वारा उठाए गए मुद्दे के कारण को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शिकायत दर्ज की और सुधारात्मक कार्रवाई की। घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना से यह भी देखने में आया है कि घरेलू उद्योग की कुल बिक्री के संबंध में ऐसी शिकायतों में समय के साथ कमी आई है और उक्त ग्राहक द्वारा की गई खरीद की मात्रा में समय के साथ वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, इसका तात्पर्य यह नहीं है कि घरेलू उद्योग समान वस्तु का निर्माण नहीं कर सकता। यह देखने में आया है कि घरेलू उद्योग ने घरेलू बाजार के साथ-साथ निर्यात बाजार में भी संबद्ध वस्तुओं की पर्याप्त मात्रा में बिक्री की है। घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की संचयी मात्रा *** मीट्रिक टन की आपूर्ति की है। अत: यह स्थापित नहीं है कि घरेलू उद्योग समान वस्तु की पेशकश करने में असमर्थ है। यह भी उल्लेखनीय है कि डी एस एम इडेमित्सु लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में सेस्टेट ने यह माना है कि *"...गुणवत्ता में अंतर किसी वस्तु को अलग नहीं बनाता है और निर्दिष्ट प्राधिकारी का यह कहना सही था कि 'यह तथ्य कि गुणवत्ता भिन्न हो सकती है, इसका तात्पर्य यह नहीं है कि आयातित उत्पाद और घरेलू उत्पाद*

समान वस्तु नहीं हैं"...।" अत: प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति की गई वस्तुएं आयातित उत्पाद के समान वस्तु हैं।

27. संबद्ध वस्तुओं के रूप, अर्थात् पाउडर या टैबलेट रूप, के आधार पर पी सी एन निर्धारित करने के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि आवेदक मुख्य रूप से पाउडर के रूप में एंटीऑक्सीडेंट का निर्माण और बिक्री करता है, तथापि, संबद्ध वस्तुओं को मांग के अनुसार ग्रेन्युलर रूप में भी बेचा जाता है। संबद्ध वस्तुओं के पाउडर रूप का उत्पादन किया जाता है और बाद में टेबलेट/ ग्रेन्युलर में संसाधित किया जाता है। यह देखने में आया है कि पाउडर को टेबलेट या ग्रेन्युलर में संसाधित करने में मात्र ***% का न्यूनतम मूल्य वर्धन होता है। आवेदक ने कहा है कि यद्यपि देश में अधिकांश मांग पाउडर के रूप में एंटीऑक्सीडेंट की है, फिर भी आवेदन-वार दोनों रूप समान हैं। टेबलेट/ ग्रेन्युलर का उपयोग केवल धूल से बचने के लिए किया जाता है जो पाउडर के रूप में एओ का उपयोग करते समय संभव है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जिस रूप में एंटीऑक्सीडेंट आयात किए जाते हैं, अर्थात् पाउडर या टेबलेट/ ग्रेन्युलर की पहचान आयात संबंधी डेटा से नहीं की जा सकती है।

28. उपरोक्त को देखते हुए, विचाराधीन उत्पाद का दायरा कतिपय प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट हैं जो निम्नलिखित सी ए एस संख्याओं या उनके समकक्ष के अनुरूप हैं:

क) 6683-19-8, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1010 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम पेंटाएरिथ्रिटोल टेट्राकिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल) प्रोपियोनेट) है।*

ख) 2082-79-3, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1076 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ऑक्टाडेसिल-3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल)-प्रोपियोनेट है।*

ग) 31570-04-4, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 168 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ट्रिस(2,4-डाइ-टर्ट ब्यूटाइलफेनिल) फॉस्फाइट है।*

घ) 23128-74-7, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1098 और इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम एन,एन'-हेक्सेन-1,6-डाइ-लबिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिलप्रोपियोनामाइड) है।*

ड़) 125643-61-0, जिसे एंटीऑक्सीडेंट एल135 या 1135, इसके समतुल्य के रुप में भी जाना जाता है। *रासायनिक नाम है बेंजीनप्रोपेनोइक अम्ल, 3,5-बिस (1,1-डाइमिथाइलएथिल)-4-हाइड्रॉक्सी-, सी7-9-ब्रांच्ड एल्काइल एस्टर)*

च) (क) से (ड) में उल्लिखित एंटीऑक्सीडेंट के ब्लैंड

छ) (क) से (ड) में उल्लिखित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट का किसी अन्य उत्पाद के साथ ब्लैंड, यदि परिणामी ब्लैंड में संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा 50% या उससे अधिक है"।" ***केवल ऐसे ब्लैंड का संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट ही इस जांच के दायरे में शामिल है।***

29. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं का आयात सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के सीमा शुल्क उप शीर्ष 29054290, 29071990, 29072990, 29181990, 29182910, 29182990, 29183090, 29189990, 29202100, 29202910, 29202930, 29202990, 29209000, 29242990, 29309099, 29336990, 38112900, 38119000, 38123910 और 38123990 के अंतर्गत किया जा रहा है। प्राधिकारी द्वारा इन पर विचार किया जाता है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और विचाराधीन उत्पाद के दायरे और वर्तमान सिफारिश पर बाध्यकारी नहीं है।

30. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद, भौतिक एवं तकनीकी विशिष्टताओं, कार्यों एवं उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, मूल्य निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। दोनों ही तकनीकी और व्यावसायिक रूप से प्रतिस्थापन योग्य हैं। प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुएं, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के दायरे और तात्पर्य के भीतर, संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु हैं।

घ. <u>घरेलू उद्योग का दायरा और स्थिति</u>

घ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के मत</u>

31. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i) जांच प्रारंभ से पूर्व, प्राधिकारी स्थिति को मान्य करने के लिए बाध्य है। इन्हें आवेदन का विरोध/समर्थन करने में अन्य घरेलू उत्पादकों के हितों का ध्यान रखना चाहिए। कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. और एचपीएल एडीटिव्स लिमि., दोनों, आवेदकों से पूर्व विद्यमान थे, इसका अर्थ है कि आवेदक को बाजार हिस्सेदारी को हासिल करने में प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा।

ii) आवेदक की स्थिति उसके इस दावे के कारण प्रश्न योग्य है कि एचपीएल मुख्य रूप से निर्यात मांग को पूरा करता है और इसलिए "कुल भारतीय उत्पादन" का निर्धारण करते समय केवल एचपीएल के घरेलू उत्पादन पर विचार किया गया है। निर्यात उत्पादन केवल तभी बहिष्कृत किया जा सकता है यदि उत्पादक एक आयातक या किसी आयातक से संबंधित है। एचपीएल के निर्यात के लिए अभिप्रेरित उत्पादन को शामिल न करने के लिए आवेदक का कोई कानूनी औचित्य नहीं है।

iii) आवेदक ने यह माना है कि एचपीएल ने प्राथमिक रूप से सामान्य श्रेणी के तहत कुछ माल की अधिप्राप्ति सहित "माने गए निर्यात" श्रेणी के तहत भी कच्चे माल की अधिप्राप्ति की है। यह दर्शाता है कि एचपीएल ने घरेलू बाजार में बिक्रियां की हैं।

iv) वीएपीएल, जिसका वीओएल के साथ विलय हो गया था, ने जांच में भाग नहीं लिया है। हालांकि विलय अप्रैल, 2021 में हुआ था किन्तु वीएपीएल का ट्रायल उत्पादन अप्रैल, 2020 में आरंभ हो गया था, आवेदक 2020-21 के लिए सूचना उपलब्ध नहीं करा सका है। वीएपीएल के भाग न लेने के कारण आवेदन को खारिज कर दिया जाना चाहिए।

v) "प्रमुख समानुपात" को "एक अपेक्षाकृत रूप से उच्च समानुपात जो कुल घरेलू उत्पादन को उल्लेखनीय रूप से प्रतिबंबित करता है" और "जिस के मात्रात्मक

और गुणात्मक दोनो अर्थ हैं" के रूप में समझा जाना चाहिए। आवेदक गुणात्मक पहलू को संतुष्ट करने में असफल रहा है।

घ.2 घरेलू उद्योग के विचार

32. आवेदक ने घरेलू उद्योग और इसकी स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:-

i) आवेदन को मै. विनाती आर्गेनिक्स लिमिटेड ("वीओएल") द्वारा दायर किया गया है।

ii) सामान्य प्रोमोटर्स के जरिए वीओएल की एक संबद्ध कंपनी, वीरल एडीटिव्स प्रा. लि. (वीएपीएल) ने अप्रैल, 2020 में संबद्ध वस्तुओं का ट्रायल उत्पादन आरंभ किया था। हालांकि, संयंत्र को कोविड से संबंधित तथा संयंत्र में तकनीकी चुनौतियों के कारण सितंबर, 2021 में शटडाउन से गुजरना पड़ा। इस अवधि के दौरान, नए उपकरणों को शामिल करके और संयंत्र को दुरुस्त बनाने के द्वारा, वीओएल ने व्यापार में और अधिक निवेश किया। कंपनी ने अप्रैल, 2022 में दुबारा ट्रायल उत्पादन आरंभ किया और अनिवार्य ग्राहक अनुमोदनों को सुनिश्चित करने के बाद अक्तूबर, 2022 में वाणिज्यिक उत्पादन पुन: आरंभ किया। इसी बीच, अर्थात फरवरी, 2021 में, वीएपीएल और वीओएल ने एक समामेलन स्कीम का प्रस्ताव किया जिसे पूर्व-व्यापी प्रभाव अर्थात 1 अप्रैल, 2021 से दिसंबर, 2023 में एनसीएलटी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। वीएपीएल द्वारा पहले की गई सभी गतिविधियां अब वीओएल द्वारा की गई मानी जाएंगी।

iii) आज की स्थिति के अनुसार, वीएपीएल अब एक पृथक कानूनी हस्ती नहीं है या अब स्वतंत्र रूप से संचालन नहीं करता है। इसके समामेलन के अनुसरण में, इसके सभी दस्तावेजों, रिकॉर्डों, और संबंधित सामग्रियों को अब वीओएल द्वारा धारित और अनुरक्षित किया जाता है। इसके अलावा, आवेदक ने विलय को प्रतिबिंबित करने के लिए 2021-22, 2022-2023 के लिए अपनी वित्तीय स्थितियों को संशोधित किया है। जहां तक, वीएपीएल के भाग न लेने का संबंध है, ऐसी हस्ती जिसका अस्तित्व नहीं है, वह जांच में भाग नहीं ले सकते।

iv) अनुच्छेद 3.1 एक विशिष्ट पद्धति को निर्धारित नहीं करता कि किसी जांच प्राधिकारी को यह निर्धारण करने में इसका अनुसरण करना चाहिए कि क्या कोई घरेलू उद्योग स्थापित है। आवेदक एक नया उद्योग है। इसने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए एक बिल्कुल नई यूनिट का निर्माण किया है और अक्तूबर, 2022 में उत्पादन का वाणिज्यीकरण किया।

v) आवेदक ने परीक्षण प्रयोजनों के लिए चीन जन.गण. से जून, 2020 में संबद्ध वस्तुओं के ***एमटी का आयात किया। ऐसे आयातों की मात्रा 2020-2021 के दौरान संबद्ध आयातों के कुल आयात का सिर्फ ***% ठहरती है। आवेदक संबद्ध देशों में पीयूसी के किसी निर्यातक या उत्पादक से या भारत में पीयूसी के किसी आयातक से संबंधित नहीं है।

vi) वीओएल के अलावा, सबसे बड़े घरेलू उत्पादक कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. और एचपीएएल एडीटिव्स लिमि. भी भारत में संबद्ध वस्तुओं के विनिर्माताओं के रूप में जाने जाते हैं।

vii) कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. और एचपीएल एडीटिव्स लिमि. से आवेदक द्वारा जांच के प्रत्येक स्तर पर उनके हितों के बारे में सूचित करने के लिए संपर्क किया गया है। सम्प्रेषण, उनकी क्षमता, उत्पादन और बिक्रियों पर कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी प्राप्त की गई है। तथापि, आवेदक द्वारा एचपीएल एडीटिव्स लिमि. से कोई सूचना प्राप्त नहीं की गई है।

viii) यह समझा जा सकता है कि कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स ने मौखिक सुनवाई से पूर्व संबद्ध आयातों पर शुल्क को लागू करने के लिए प्राधिकारी को प्रत्यक्ष समर्थन व्यक्त किया है।

ix) एचपीएल से विपरीत साक्ष्य या आंकड़ों के अभाव में, और अनुकूल उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना पर भरोसा करने की बाध्यता के साथ, प्राधिकारी ने उचित रूप से घरेलू उद्योग के समर्थन का निर्धारण करने के प्रयोजन हेतू इस दावे को स्वीकार किया है। ऐसा करने में, प्राधिकारी ने अनुच्छेद 5.4 का अनुपालन किया है। प्राधिकारी ने उद्योग की संरचना को ध्यान में रखते हुए उचित विवेक को लागू किया है और यथोचित रूप से उपलब्ध सर्वोत्तम

जानकारी पर भरोसा किया है, जिसके द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि जांच को आरंभ करने का निर्णय कानून के अनुसरण में है।

x) यह भी समझा जा सकता है कि एचपीएल एडीटिव्स लिमि. मुख्य रूप से निर्यात बाजार का प्रबंध करता है और उल्लेखनीय रूप से घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करने में संलग्न है। कंपनी ने तैयार उत्पाद का निर्यात करने के अभिप्राय से, मुख्य रूप से माने गए निर्यात की बिक्रियों के तहत वीओएल से कच्चे माल डीटीबीपी का क्रय किया है, वहीं कुछ माल सामान्य श्रेणी के तहत भी खरीदा गया है।

xi) कुल भारतीय उत्पादन का निर्धारण करते समय कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. से प्राप्त वास्तविक जानकारी पर विचार किया गया है। वीओएल द्वारा एचपीएल एडीटिव्स लिमि. को की गई डीटीबीपी की बिक्रियों पर और एचपीएल एडीटिव्स लिमि. की आयात संबंधी जानकारी पर विचार करते हुए एचपीएल एडीटिव्स लिमि. के उत्पादन की संगणना की गई है। कुल भारतीय उत्पादन का निर्धारण करते समय घरेलू खपत के लिए अभिप्रेरित उत्पादन पर भी विचार किया गया है।

xii) घरेलू उत्पादन की संगणना करते समय एचपीएल द्वारा किए गए उत्पादन को शामिल नहीं किया जा सकता है। प्राधिकारी के पूर्ववर्ती निर्धारण, जिनमें घरेलू उद्योग के निर्धारण के लिए ईओयू द्वारा और एसईजेड में किए गए उत्पादन की उपेक्षा की गई है जिसका पालन किया जाना चाहिए।

xiii) चाहे कुल भारतीय उत्पादन का निर्धारण करने के लिए दो अन्य भारतीय उत्पादकों द्वारा सकल उत्पादन पर विचार किया जाता है, आवेदक का हिस्सा अभी भी कुल भारतीय उत्पादन के 50% से अधिक होगा। आवेदक कुल उत्पादन के ***% और निवल उत्पादन के ***% के लिए जिम्मेदार है।

xiv) आवेदक ने कुल भारतीय उत्पादक के 'मुख्य भाग' को स्थापित किया है। यह नियम 2(ख) के अर्थों के भीतर घरेलू उद्योग है और पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अंतर्गत आधार के मानदंड को पूरा करता है।

xv) जहां तक एचपीएल के पुराना उत्पादक होने और आवेदक के एक नया उद्योग न होने का संबंध है, प्राधिकारी ने पहले अर्थात वर्तमान मामले में आवेदक की पहचान करता है और तब घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति की प्रकृति। यदि घरेलू उद्योग का अधिक लंबी अवधि का इतिहास रहा है, महत्वपूर्ण क्षति की जांच की जा सकती है। यदि इतिहास स्वयं ही कम अवधि के लिए है तो क्षति की ऐसी अवधि के लिए जांच की जाती है जिसके लिए डेटा उपलब्ध है। यदि यह क्षति अवधि की तुलना में कम होती है तो प्राधिकारी वास्तविक और प्रक्षेपित निष्पादन की भी तुलना करते हैं। एचपीएल निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करता है, कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स भी घरेलू मांग को पूरा करने की चेष्टा करते हुए आवेदक सहित एक नया उत्पादक है। डब्ल्यूटीओ सदस्यों द्वारा यह पहचान की गई है कि चाहे स्थापित उत्पादक मौजूद हैं, घरेलू मांग को पूरा करने में उनकी न्यूनतम भूमिका एक नए उत्पादक को अभी भी महत्वपूर्ण मंदी के तहत अर्हता प्राप्त करने की अनुमति देती है। एचपीएल की उपस्थिति का अर्थ यह नहीं है कि घरेलू उद्योग पहले से ही स्थापित है।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

33. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

> *(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

34. वर्तमान आवेदन मै. विनाती आर्गेनिक्स लिमिटेड ("वीओएल") द्वारा दायर किया गया है। यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन प्रारंभ में एक अन्य कंपनी अर्थात वीरल एडीटिव्स प्रा. लि. (वीएपीएल) द्वारा आरंभ किया गया था। वीएपीएल ने

एक नया संयंत्र स्थापित किया है और अप्रैल, 2020 में उत्पादन आरंभ किया गया था। कंपनी को तकनीकी और कोविड-19 महामारी से संबंधित कठिनाईयों के कारण सितंबर, 2021 में शटडाउन का सामना करना पड़ा। फरवरी, 2021 में, वीएपीएल और वीओएल ने समामेलन की योजना प्रस्तावित की जिसे दिसंबर में एनसीएलटी से स्वीकृति प्रदान की गई। समामेलन को अप्रैल, 2021 से पूर्व-व्यापी प्रभाव से क्रियान्वित किया गया। यह नोट किया गया है कि पहले वीएपीएल द्वारा सारी गतिविधियां की गई थी, वे अब वीओएल द्वारा किया गया माना जाता है। आवेदक समामेलन-पूर्व अवधि के वीएपीएल के रिकॉर्ड धारित करता है।

35. आवेदक ने अनुरोध किया है कि यह प्रचालन में है और यह 2020 अर्थात क्षति अवधि के आधार वर्ष के बाद से संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन और बिक्री कर रहा है। तथापि, इस समय, चूंकि, आवेदक ने अपने उत्पादन का हाल ही में वाणिज्यीकरण किया है, यह एक नया उत्पादक है।

36. आवेदक ने घोषणा की है कि इसने परीक्षण प्रयोजन से पीओआई-पूर्व अवधि अर्थात जून, 2020 में चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं के ***एमटी का आयात किया था। यह देखा गया है कि आयात पीओआई के दौरान नहीं किए गए थे। हालांकि, यह आयात पीओआई में नहीं किए गए थे, प्राधिकारी ने नोट किया कि संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान आवेदक द्वारा संबंधित वस्तुओं का आयात किया गया था। यह देखा गया है कि ऐसे आयात 2020-2021 के दौरान भारत में चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तुओं के कुल आयातों के ***% से कम ठहरता है। आगे यह नोट किया जाता है कि आवेदक ने पीओआई में संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का न तो आयात किया है न ही यह उसके किसी आयातक या निर्यातक से संबंधित है।

37. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक के अलावा, भारत में संबद्ध वस्तुओं के दो अन्य उत्पादक हैं अर्थात कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. और एचपीएल एडीटिव्स लिमि.। यह देखा गया है कि आवेदक ने जांच की अवधि के दौरान जांच आरंभ होने से पहले और जांच की अवधि के दौरान भी अन्य दो घरेलू उत्पादकों को बहुत बार लिखा। जहां इसे कृष्णा से उत्तर प्राप्त हुआ, वहीं एचपीएल से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। प्राधिकारी ने सरकारी राजपत्र में और डीजीटीआर वेबसाइट पर जांच शुरुआत अधिसूचना प्रकाशित की। जहां प्राधिकारी को कृष्णा से जांच के समर्थन में और शुल्कों को लागू किए जाने के समर्थन में एक पत्र प्राप्त हुआ, वहीं एचपीएल से कोई

पत्र प्राप्त नहीं हुआ। इसके अलावा, जहां अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि आवेदक नियमों के तहत स्थिति संबंधी जरूरतों को पूरा करने में असफल रहा है, वहीं प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने अपने दावों के समर्थन में कोई सत्यापन योग्य साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है। अत:, किसी सत्यापन योग्य साक्ष्य के अभाव में, प्राधिकारी ने रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना पर भरोसा किया है।

38. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि आवेदक अन्य उत्पादकों से विरोध का सामना करने के लिए विवश है क्योंकि दोनों अन्य घरेलू उत्पादक आवेदक से पहले अस्तित्व में हैं जैसा कि पहले ही ऊपर नोट किया गया हे, एक उत्पादक अर्थात कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स ने प्राधिकारी को लिखा है और जांच तथा शुल्कों को लागू किए जाने का समर्थन किया है, जबकि अन्य उत्पादक अर्थात एचपीएल एडीटिव्स चुप बना रहा है।

39. आवेदक ने कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. से इसकी क्षमता, उत्पादन और बिक्रियों के संबंध में उससे प्राप्त सूचना को रिकॉर्ड पर प्रस्तुत किया है जिसे कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. द्वारा भी अपने समर्थन पत्र के साथ प्राधिकारी को उपलब्ध कराया गया है। जहां लिमि. से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई, आवेदक द्वारा यह प्रस्तुत किया गया है कि कंपनी प्राथमिक रूप से निर्यात बाजार को प्रबंध करती है। आवेदक ने प्रस्तुत किया है कि संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए मुख्य कच्चे माल के रूप में 2-4 डीटीबीपी और 2-6 डीटीबीपी की जरूरत होती है। इन दोनों कच्चे माल का एकमात्र स्रोत या तो आवेदक या आयातक हैं। आवेदक ने आगे अनुरोध किया है कि वह एचपीएल एडीटिव्स लिमि. को कच्चे माल की आपूर्ति करता है और इसलिए अन्य घरेलू उत्पादकों की व्यापार गतिविधियों से भली-भांति परिचित है। आवेदक ने कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. से प्राप्त उत्पादन संबंधी सूचना पर विचार करते हुए कुल भारतीय उत्पादन में अपने हिस्से का परिमाणन किया है और आवेदक से एचपीएल एडीटिव्स लिमि. अर्थात "माने गए निर्यातों" के तहत क्रय किए गए कच्चे माल सहित ऐसे कच्चे माल और आयातों के एकमात्र घरेलू उत्पादक से एचपीएल एडीटिव्स लिमि. द्वारा अधिप्राप्त किए गए कच्चे माल के आधार पर एचपीएल एडीटिव्स लिमि. द्वारा किए गए उत्पादन का परिमाणन किया है। किसी विपरीत सूचना के अभाव में, प्राधिकारी ने उपलब्ध कराई गई सर्वोत्तम सूचना अर्थात आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का सहारा लिया है।

40. जहां तक वर्तमान जांच में वीएपीएल द्वारा भाग न लिए जाने का संबंध है, यह नोट किया गया है कि वीएपीएल का कोई कानूनी अस्तित्व नहीं है। यह देखते हुए कि वीएपीएल का कोई स्वतंत्र कानूनी अस्तित्व नहीं है, इसके लिए वर्तमान जांच में भाग लेना व्यवहार्य नहीं है। चूंकि, वीओएल संबद्ध मामले में सारी प्रासंगिक जानकारी धारित करता है, आवेदक उस समय सहित, जब वीएपीएल एक पृथक सत्ता के रूप में प्रचालन करता था, संपूर्ण क्षति अवधि को शामिल करते हुए सूचना को प्रस्तुत करने की स्थिति में है।

41. यह नोट किया गया है कि सीपीएमए, प्रयोक्ता एसासिएशन, ने यह स्वीकार किया है कि भारत में एंटी ऑक्सीडेंट के तीन घरेलू उत्पादक हैं जिनमें आवेदक उत्पादन क्षमता के 92% से अधिक भाग को धारित करता है जबकि अन्य दो अर्थात कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रा. लिमि. और एचपीएल एडीटिव्स लिमि. एंटीऑक्सीडेंट्स के केवल एक प्रकार का उत्पादन करने तक सीमित है(एओ 1010 अथवा एओ 168 में से कोई एक)।

42. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि आवेदक की स्थिति प्रश्न योग्य है क्योंकि जब कुल भारतीय उत्पादन का निर्धारण करना होता है, क्योंकि यह केवल एचपीएल के घरेलू उत्पादन पर विचार करता है यह देखा गया है कि आवेदक का हिस्सा कुल भारतीय उत्पादन का ***% है अर्थात भारतीय उत्पादकों द्वारा किए गए सकल उत्पादन पर विचार करते हुए किया गया है। रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना के आधार पर, प्राधिकारी ने भारतीय उत्पादन और भारतीय उत्पादन में आवेदक के हिस्से को निम्नानुसार निर्धारित किया है:

क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**पीओआई**
1	आवेदक का सकल उत्पादन	%	**
2	अन्य उत्पादकों का सकल उत्पादन		
i	कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स	%	***
ii	एचपीएल एडीटिव्स	%	***
3	कुल (/सकल) भारतीय उत्पादन	%	100

43. रिकॉर्ड पर उपलब्ध जानकारी से यह भी नोट किया गया है कि आवेदक ने पीओआई के दौरान संबद्ध देशों से न तो संबद्ध वस्तुओं का आयात किया है न ही यह उसके किसी आयातक या निर्यातक से संबंधित है।

44. रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना के आधार पर, यह देखा गया है कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के संदर्भ में भारतीय उत्पादन के प्रमुख अनुपात के लिए उत्तरदायी है। आवेदक द्वारा किया गया उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन में प्रमुख समानुपात के लिए उत्तरदायी है। अत:, आवेदक नियम 2(घ) के अर्थों के भीतर पात्र घरेलू उद्योग है और नियमावली के नियम 5(3) के संदर्भ में स्थिति के मापदंड को संतुष्ट करता है। अत:, प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव रखते हैं कि आवेदक नियमावली के अर्थों के भीतर घरेलू उद्योग स्थापित होता है।

ड. <u>गोपनीयता</u>

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के मत

45. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:-

i) आवेदक ने व्यापार नोटिस द्वारा अपेक्षित होने के बावजूद, व्यापक चरणवार विनिर्माण प्रक्रिया पर कोई लेख उपलब्ध नहीं कराया है।

ii) आवेदक ने अन्य उत्पादकों द्वारा उत्पादन की मात्रा और मूल्य की रिपोर्टिंग करते समय एचपीएल के निर्यातोन्मुखी उत्पादन को शामिल नहीं किया है। स्थिति को स्थापित करते समय यह सूचना अनिवार्य है।

iii) प्रचलन के अनुसार निर्यात बिक्री की मात्रा, मूल्य, लागत और प्रति यूनिट आय के संबंध में अपेक्षित आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। यह हितबद्ध पक्षकारों के अपनी रक्षा करने के अधिकार को क्षति पहुंचाता है।

iv) एनआईपी के लिए वास्तविक आंकड़े भी सीमा में भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

v) आवेदक ने देश-वार कीमत कटौती को प्रकट नहीं किया है।

vi) समामेलन की योजना और एनसीएलटी आदेश को गोपनीय रखा गया है।

vii) प्राधिकारी से प्राप्त ई-मेल के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक ने अगोपनीय पाठों के बिना ही अनुरोध दायर किए हैं।

viii) सारांश उपलब्ध कराए बिना ही अद्यतन आंकड़ों के संपूर्ण अनुबंध को गोपनीय रखा गया है।

ड.2 घरेलू उद्योग के मत

46. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:-

i) प्रतिवादी ने प्रयोक्ताओं और वीओएल के बीच गोपनीय पत्र-व्यवहारों का संदर्भ दिया है, जिससे आवेदक के लिए प्रभावी रूप से उत्तर देना कठिन हो गया है। गोपनीयता का दावा संपूर्ण दस्तावेज और यहां तक कि प्रयोक्ता के नाम के लिए भी किया गया है।

ii) पीसीएन से संबंधित संपूर्ण आंकड़ों के लिए गोपनीयता का दावा किया गया है। निर्यातित उत्पाद प्रकारों अथवा पीसीएन कोड के नामों को बताने में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया गया है। आवेदक किसी अनुरोध को आगे नहीं बढ़ा सकता जबकि वह निर्यात किए गए उत्पाद के नाम तक से परिचित नहीं है।

iii) निगमित ढांचा के विवरणों के संबंध में बीएएसएफ ग्रुप द्वारा गोपनीयता का दावा किया गया है जबकि यह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

iv) शेयरधारकों के नामों के लिए गोपनीयता का दावा किया गया है जो कि अनुचित है।

v) मौखिक सुनवाई में निर्यातकों ने दावा किया है कि उनके निर्यातों की मूल्य श्रृंखला पूरी है और मूल्य श्रृंखला को शामिल करने वाली सभी हस्तियों ने उत्तर दायर किए हैं, तथापि, संवितरण के चैनल ने बिना किसी औचित्यपूर्ण कारणों के गोपनीयता का दावा किया है। संवितरण के चैनल के प्रकटीकरण के अभाव में, घरेलू उद्योग इस बात से परिचित नहीं है कि क्या आपूर्ति श्रृंखला के सभी लिंक ने प्रश्नावली उत्तर दायर किया है और मूल्य श्रृंखला जरूरतों को पूरा किया है।

vi) जहां रियानलॉन समूह के प्रतिवादियों ने परिशिष्ट-2 में पीयूसी के क्रयों के विवरणों को दायर किया है वहां संपूर्ण परिशिष्ट के लिए गोपनीयता का दावा किया गया है। यहां तक कि, जिन संबंधित पक्षकारों से पीयूसी की खरीद की गई थी, उनके नामों के लिए भी बिना किसी औचित्य के गोपनीयता का दावा किया गया है।

vii) निर्यातकों द्वारा उनके प्रश्नावली के उत्तरों सहित घरेलू बिक्रियों और भारत को किए गए निर्यातों से संबंधित दस्तावेज़ों को उपलब्ध कराना अपेक्षित है। हालांकि, प्रतिवादियों ने इन नामों/दस्तावेजों की सूची के लिए भी गोपनीयता का दावा किया है।

viii) निर्यातकों ने सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के लिए समायोजनों पर आवेदक को कानूनी तर्कों का जवाब देने से रोकने के लिए, अपने संपूर्ण अनुरोध में गोपनीयता का दावा किया है। जबकि कुल आंकड़ों को गोपनीय माना जा सकता है, समायोजनों के प्रकारों को उचित रूप से गोपनीय नहीं माना जा सकता।

ix) पाटनरोधी जांच एक समयबद्ध जांच है और डीजीटीआर ने संगत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को विशिष्ट समय सीमा दी है। डब्ल्यूटीओ न्यायशास्त्र मार्गदर्शन प्रदान करता है कि समय बाधित प्रतिक्रियाओं को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। हितबद्ध पक्षकारों को उनके गोपनीयता संबंधी दावों को प्रस्तुत करने के लिए सात दिनों का समय दिया गया था जिसे नहीं किया गया था। इसलिए उनके दावों की समय सीमा स्पष्ट रूप से समाप्त हो चुकी है।

x) घरेलू उद्योग ने सारी संगत सूचना उपलब्ध कराई है और व्यापार नोटिस 10/2018 के प्रारूप से बहुत कम विचलन हुआ है। इसके लिए अनुमति दी जा सकती थी यदि ऐसे विचलन के लिए कोई बेहतर कारण प्रस्तुत किया जाता। यदि सूचना व्यापार संवेदनशील है, जिस के प्रकटन से आवेदक को क्षति होती अथवा वह पहले ही कहीं और उपलब्ध कराई जा चुकी है तो सारे विचलन किए जाते हैं।

xi) जहां तक उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में गोपनीयता का संबंध है, उत्पादन प्रक्रिया का एक सामान्य विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और खुले स्रोतों के जरिए उपलब्ध है। संपदा संबंधी आंतरिक जानकारी सहित, जो आवेदक द्वारा अनुसरण की जा रही विशिष्ट प्रक्रिया एक गोपनीय व्यापार सूचना है जिसके प्रकटीकरण से आवेदक की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

xii) गोपनीयता के तर्क जो आवेदन में उपलब्ध कराए गए हैं, अद्यतन जानकारी के लिए भी लागू होना जारी रहेंगे।

xiii) जहां तक निर्यात बिक्रियों की मात्रा और मूल्य का संबंध है, प्रवृत्ति आधार पर जानकारी को दायर किए गए लिखित अनुरोध के साथ उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार, निवल अचल परिसंपत्तियों, कार्यशील पूंजी, कर्मचारियों और मालसूचियों संबंधी जानकारी को भी उपलब्ध कराया गया है।

xiv) निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्देश पर, आवेदक ने फार्मेट IV-क प्रस्तुत किया है। हितबद्ध पक्षकारों के बीच एक प्रवृत्ति आधार पर इसका एक अगोपनीय पाठ भी परिचालित किया गया।

xv) प्राधिकारी ने पक्षकारों को मिश्रण का हिस्सा बनने वाले अन्य घटकों के मूल्य की पहचान करने और उसके साक्ष्य उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदक इस बात से अपरिचित है कि क्या ऐसी जानकारी उपलब्ध भी कराई गई है। यह अनुरोधों के अगोपनीय पाठ में अनुपस्थित है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

47. प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए अगोपनीय पाठ को उपलब्ध कराया है। जहां तक हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की गोपनीयता का संबंध है, पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में निम्नानुसार उपलब्ध कराया गया है:-

> *"(1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर*

निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

48. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना की ऐसे दावों की पर्याप्ता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां जरूरी था, वहां गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और इसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है। जहां भी संभव था, गोपनीय आधार पर सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराई गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने गोपनीय के रूप में अपनी व्यापार संबंधित संवेदनशील सूचना के गोपनीय होने का दावा किया है।

49. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरुआत अधिसूचना के पैरा 38 के अनुसार, किसी दस्तावेज के अगोपनीय पाठ की प्राप्ति के 7 दिनों के भीतर गोपनीयता के दावे पर उनकी टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए घरेलू उद्योग सहित, हितबद्ध पक्षकारों को आमंत्रित किया गया था। इस संबंध में यह नोट किया गया कि आवेदक के अनुरोध में अत्यधिक गोपनीयता का आरोप लगाते हुए, रियानलॉन ग्रुप द्वारा किया गया अनुरोध उल्लेखनीय रूप से विलंब से किया गया है। ये टिप्पणियां, प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन को परिचालित किए जाने के 3 महीनों के बाद प्रस्तुत की गई थीं।

इसी प्रकार अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी, गोपनीयता पर अत्यधिक विलंब के बाद टिप्पणियां प्रस्तुत की हैं। फिर भी, प्राधिकारी ने इन अनुरोधों पर विचार किया है।

50. यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग ने अपनी निर्यात बिक्री मात्रा, मूल्य, लागत और प्रति यूनिट वसूली के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है। ऐसा गोपनीयता संबंधी दावा अत्यधिक है और इस लिए, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को सूचकांक स्वरूप में इस सूचना को साझा करने का निर्देश दिया ताकि अन्य हितबद्ध पक्षकार इसको उचित रूप से समझ सकें। पहली मौखिक सुनवाई के समय निर्देश दिए जाने पर, आवेदक ने प्रवृत्ति अनुसार अपने निर्यातों पर जानकारी को भली-भांति उपलब्ध कराते हुए अपने लिखित अनुरोध के साथ अर्थात प्रोफार्मा IV-क में अपनी क्षति संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई।

51. जैसा कि पहले ही ऊपर नोट किया गया है, जहां तक अन्य उत्पादकों द्वारा उत्पादन की मात्रा और मूल्य को रिपोर्ट करते समय, एचपीएल के निर्यातोन्मुखी उत्पादन को शामिल न किए जाने का संबंध है, रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना से यह देखा गया है कि चाहे अन्य दो भारतीय उत्पादकों द्वारा सकल उत्पादन पर विचार किया गया है, आवेदक का हिस्सा अभी भी कुल भारतीय उत्पादन के 50% से अधिक है। किसी भी स्थिति में, जहां आवेदक ने आवेदन के साथ गोपनीय आधार पर कुल भारतीय उत्पादन में अपने हिस्से के बारे में प्रकटन किया था, इसने अपने मौखिक-पश्चात के लिखित अनुरोधों के जरिए अन्य हितबद्ध पक्षकारों को सकल और निवल, दोनों भारतीय उत्पादनों में अपने हिस्से को प्रकट किया है।

52. जहां तक आवेदक द्वारा व्यापक चरण-वार विनिर्माण प्रक्रिया पर लिखित सामग्री उपलब्ध न कराने का संबंध है, यह नोट किया गया है कि ट्रेड नोटिस 10/2018 के अनुसार, किसी एकल आवेदक द्वारा अपनी व्यापक विनिर्माण प्रक्रिया पर वास्तविक जानकारी प्रकट करने की जरूरत है। तथापि, नोटिस का फुट नोट बताता है कि जहां कोई एकल आवेदक कंपनी स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध एक बहु-उत्पाद कंपनी है या निगमित कार्य मंत्रालय को अपनी वित्तीय व्यवस्था के बारे में रिपोर्ट करता है तो गोपनीयता की मात्रा, जिसका दावा किया जा सकता है, उसे पब्लिक डोमेन में उपलब्ध अपनी रिपोर्टिंग की प्रकृति के साथ सह-संबंधित किया जाना चाहिए। घरेलू उद्योग की वेबसाइट और ब्रोशर से यह देखा गया है कि इसकी विनिर्माण प्रक्रिया पब्लिक डोमेन में भी उपलब्ध नहीं है। इसलिए आवेदक द्वारा दावा किए गए गोपनीयता की सीमा

तक अनुमति दी गई है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से प्रतिभागी उत्पादकों ने भी प्रश्नावली उत्तर में अपनी संबंधित प्रक्रियाओं में गोपनीयता का दावा किया है।

53. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि आवेदन में कीमत कटौती को स्थापित नहीं किया गया है, यह नोट किया गया है कि आवेदन प्रोफार्मा में कीमत कटौती संगणनाओं को रिपोर्ट करने की घरेलू उद्योग को जरूरत नहीं है। आवेदक ने पहुंच कीमत और इसकी बिक्री कीमत पर आवेदन में सूचना उपलब्ध कराई है और कीमत कटौती के संबंध में विवरण दिए हैं। किसी भी स्थिति में, कीमत कटौती की इस अंतिम जांच परिणामों के प्रासंगिक भाग में प्राधिकारी द्वारा जांच की गई है।

च. <u>विविध अनुरोध</u>

च.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

54. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित विभिन्न अनुरोध किए हैं:-

i) आवेदक के प्रचालन अभी हाल ही में स्थापित किए गए हैं जो उच्च निर्धारित और स्टार्ट-अप लागतों को प्रारंभिक वर्षों में अपरिहार्य बनाता है, विशेष रूप से जब तक वे प्रक्षेपित उपयोग तक न पहुंच जाएं। इसलिए, प्राधिकारी को एनआईपी और आईएम को परिकलित करते समय अपनी स्थापित पद्धति का अनुसरण करना चाहिए और घरेलू उद्योग की बढ़ी हुई लागतों को सामान्यीकृत करना चाहिए।

ii) वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ होने से पहले आवेदक को होने वाली किसी क्षति पर विचार नहीं किया जा सकता। ट्रायल उत्पादन के दौरान, आवेदक आयात प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं कर सकता। इसलिए, क्षति अवधि को 2022-23 से पीओआई तक प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

iii) 2020-21 को आधार वर्ष के रूप में चुना जाना कोविड-19 के प्रभाव के कारण एक भ्रामक तस्वीर का सृजन करेगा। इसके अलावा, 2022-23 से पहले, क्षति प्राथमिक रूप से नए संयंत्र के साथ संबद्ध तकनीकी चुनौतियों के कारण थी। आवेदक मात्रा और गुणवत्ता, दोनों के संबंध में मांग को पूरा करने में असमर्थ था, जिस कारण प्रयोक्ताओं को आयातों पर भरोसा करना पड़ा।

iv) प्रतिस्पर्धा केवल वाणिज्यिक उत्पादन के साथ आरंभ होती है जो अप्रैल, 2022 में आरंभ किया गया था। उस समय से पहले बिक्री संबंधी डेटा की कमी को देखते हुए, एक छोटी क्षति अवधि न्याय संगत है। डब्ल्यूटीओ कम से कम तीन वर्षों की क्षति अवधि की सिफारिश करता है, सिवाय उस समय के जब डेटा स्रोत अल्प अवधि के लिए मौजूद हैं।

v) प्राधिकारी से आवेदक के प्रत्युत्तर का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराने के लिए कहा गया ताकि उत्तरदाता प्रकटीकरण विवरण को बेहतर ढंग से समझ सके।

vi) आवेदक ने पहली बार उत्पाद और क्षति से संबंधित विशिष्ट जानकारी दायर की है जिसे रिकॉर्ड पर नहीं लिया जा सकता।

vii) जांच को समाप्त किया जाना चाहिए क्योंकि नियम 2(ख) और नियम 5 की पूर्व शर्तों की अनिवार्यता अर्थात घरेलू उद्योग की स्थिति और पात्रता की शर्त को पूरा नहीं किया गया है। तथापि, यदि प्राधिकारी फिर भी कार्यवाही को आगे बढ़ाते हैं तो हितबद्ध पक्षकारों को एक नई मौखिक सुनवाई उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

viii) आवेदन में पीओआई और पिछले वित्तीय वर्षों से संबंधित सूचना शामिल की जानी चाहिए। इस ने 2020-21, 2021-22, अप्रैल, 22-जून 23(15 महीनों) के लिए और पीओआई के लिए डेटा उपलब्ध करा कर निर्धारित फार्मेट से हट कर क्षति अवधि के साथ चालाकी की है। प्राधिकारी ने आवेदक को पिछले वर्ष को एक वित्तीय वर्ष मानने का निर्देश नहीं दिया न ही एनओआई में उल्लिखित इस विचलन का कोई कारण मौजूद था। प्रतिवादी द्वारा ट्रेड नोटिस के अनुपालन के लिए अनुरोध किए जाने के बावजूद, प्राधिकारी द्वारा कोई पत्र-व्यवहार या सह-संबंधित निर्देश जारी नहीं किया गया।

ix) समय अवधि में कोई अंतर नहीं आता यदि पिछले वर्ष में अतिरिक्त तिमाही जोड़ने के बजाय, आवेदक ने पीओआई में उक्त तिमाही को जोड़ा होता, जैसा कि सभी मामलों में सामान्य अभ्यास रहा है।

च.2 घरेलू उद्योग का मत

55. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विभिन्न अनुरोध किए गए हैं:-

i) व्यय की गई लागतों के संबंध में जरूरी जानकारी पहले ही रिकॉर्ड पर उपलब्ध है और प्राधिकारी तद्नुसार एनआईपी का निर्धारण कर सकते हैं। नए उत्पादक के रूप में, आवेदक ने उत्पादन की उच्चतर वास्तविक लागत को स्वीकार किया है। हालांकि, क्षति का वास्तविक लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय के आधार पर आकलन नहीं किया गया है बल्कि उत्पादन के इष्टतम स्तर पर किया गया है। यह विचाराधीन लागतों और लाभप्रदता संकेतकों के आधार पर नए उत्पादन प्रचालन के प्रभाव को पृथक करती है।

ii) जहां घरेलू उद्योग को जून, 2022 तक होने वाली क्षति "अन्य कारकों" के कारण थी, इस अवधि के दौरान उत्पादन का अभी भी पाटित कीमतों पर निर्यात किया जा रहा था। घरेलू उद्योग ने दो मुद्दों का सामना किया है (क) उत्पाद को कुछ उपभोक्ताओं द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था, और (ख) पाटन के कारण कंपनी ने अपर्याप्त कीमतें प्राप्त कीं।

iii) पीओआई के पहले भी, कंपनी के उत्पाद को विभिन्न उपभोक्ताओं द्वारा स्वीकृत किया गया था। देश में मांग का लगभग ***% उन उपभोक्ताओं की ओर से था, जिन्होंने आवेदक के उत्पाद को स्वीकृत किया था। भ्रम की स्थिति को उपेक्षित करने के लिए आवेदक ने जांच के लिए प्रस्तावित पीओआई में इस अवधि को शामिल नहीं किया है। तथापि, यह तथ्य कि घरेलू उद्योग ने पीओआई से पहले अन्य चुनौतियों का सामना किया है, कारणात्मक संबंध को नहीं तोड़ता।

iv) प्राधिकारी ने पीयूसी के दायरे पर एक बैठक, एक मौखिक सुनवाई और एक विनिर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन के बाद द्वितीय मौखिक सुनवाई सहित, तर्कों को प्रस्तुत करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों के लिए बहुत से अवसर उपलब्ध कराए। आवेदक का विश्वास है कि और किसी सुनवाई की जरूरत नहीं है क्योंकि सभी पक्षकारों की सुनवाई हो चुकी है। प्राधिकारी प्रकटीकरण विवरण में सभी चिन्ताओं का उल्लेख करेंगे, टिप्पणियां आमंत्रित करेंगे और अपने अंतिम जांच परिणामों में एक तर्कसंगत निष्कर्ष जारी करेंगे।

v) व्यापार सूचना 02/2004 के पैरा 2(iii) के अनुसार पीओआई और पिछले 3 वित्तीय वर्षों के लिए आंकड़े अपेक्षित है, जिसमें समय के अतिव्याप्ति की

अनुमति है किन्तु अंतराल की नहीं। वर्तमान क्षति अवधि लगातार है और अंतराल मुक्त है। अप्रैल-जून, 2023 को शामिल किया जाना अनुपालन और निरंतरता को सुनिश्चित करता है। कानून यह निर्देश देता है कि व्याख्या उनके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उद्देश्यपूर्ण ढंग से की जानी चाहिए। प्रस्तावित पीओआई और क्षति अवधि में कोई अवैधता या प्रक्रियात्मक अनुचितता नहीं है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

56. प्राधिकारी ने अपनी सतत् कार्यप्रणाली के आधार पर, आवेदक की लागतों को मानकीकृत करते हुए, पाटनरोधी नियमों के अनुबंध III के अनुसार क्षति-रहित कीमत (एनआईपी) निर्धारित किया है।

57. प्रकटन विवरण को अच्छे ढंग से समझने के लिए प्रत्युत्तर अनुरोध का अगोपनीय सारांश उपलब्ध कराने के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि, प्रथा के अनुसार, प्रत्युत्तर अनुरोधों के अगोपनीय सारांश हितबद्ध पक्षकारों के बीच प्रसारित नहीं किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी द्वारा जारी प्रकटन विवरण विवरण में प्रत्युत्तरों में दिए गए विचारों और अनुरोधों सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों के विचार और अनुरोध शामिल हैं, ताकि प्राधिकारी के विश्लेषण और प्रस्तावित जांच के आधार की व्यापक समझ प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, सभी हितबद्ध पक्षकारों को प्रकटन विवरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। इस प्रकार, हितबद्ध पक्षकारों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर टिप्पणी करने का अवसर दिया जाता है, जहाँ तक इन अनुरोधों पर प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया हो।

58. इस तर्क के संबंध में कि आवेदक द्वारा अपने लिखित अनुरोध में पहली बार प्रस्तुत की गई कुछ जानकारी को रिकॉर्ड में नहीं लिया जा सकता क्योंकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उस पर विचार करने का अवसर नहीं दिया गया था, यह नोट किया जाता है कि सभी हितबद्ध पक्षकारों को पर्याप्त समय दिया गया था और उन्हें अपने प्रत्युत्तर अनुरोध दायर करने का अवसर दिया गया था। इसलिए, वास्तव में सभी पक्षकारों को मुद्दों पर विचार करने का अवसर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, वर्तमान मामले में, प्राधिकारी ने काफी समय बीत जाने के बाद एक और सुनवाई की

है, और इसलिए, हितबद्ध पक्षकारों को घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत अनुरोध पर टिप्पणी करने का पर्याप्त अवसर मिला।

59. चयनित क्षति अवधि की उपयुक्तता के संबंध में, प्राधिकारी की पिछली प्रथाओं के अनुरूप, लंबी अवधि अर्थात 2020-2021 से वर्तमान जांच अवधि तक क्षति की जांच करना उचित पाया गया है। वर्तमान क्षति अवधि व्यापक क्षति विश्लेषण की अनुमति देती है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी आवेदक के इस दावे पर भी ध्यान देते हैं कि उसके उत्पाद को कुछ ग्राहकों द्वारा जांच अवधि से पहले ही अनुमोदित कर दिया गया था। इसके अलावा, जबकि विगत में क्षति अन्य कारकों के कारण हुई थी, आवेदक ने दावा किया है कि इस अवधि के दौरान भी आयात पाटित कीमतों पर देश में हो रहे थे।

60. इस तर्क के संबंध में कि 2020-21 को आधार वर्ष के रूप में चुनने से कोविड-19 के प्रभाव के कारण एक भ्रामक छवि बनेगी और क्षति अवधि को जांच की अवधि तक 2022-23 तक सीमित किया जाना चाहिए, अर्थात केवल वाणिज्यिक उत्पादन अवधि में यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि को आम तौर पर जांच की अवधि के तुरंत बाद तीन वर्ष माना जाता है। इसमें कम से कम तीन वर्ष शामिल होने चाहिए, जब तक कि आवेदक कम अवधि के लिए अस्तित्व में न रहा हो, ऐसी स्थिति में पूरी अवधि के लिए उपलब्ध आंकड़ों को ध्यान में रखा जाता है। वास्तविक मंदी के मामलों में, यदि उद्योग स्वयं तीन वर्षों से कम समय से परिचालन में है, तो कम क्षति अवधि पर विचार किया जा सकता है। वर्तमान जांच में, घरेलू उद्योग ने अप्रैल 2020 में उत्पादन शुरू किया, इस अवधि के दौरान *** मीट्रिक टन उत्पादन और *** मीट्रिक टन की बिक्री की। इस अवधि के दौरान उत्पादन और बिक्री की महत्वपूर्ण मात्रा, साथ ही अप्रैल 2020 से प्रासंगिक आंकड़ों की उपलब्धता को देखते हुए, चयनित क्षति अवधि 2020-21 से जांच की अवधि तक विस्तारित है। इसके अलावा, जांच की अवधि में क्षति का आरोप केवल पाटित आयातों के कारण लगाया गया है। इसके अलावा, आवेदक के प्रदर्शन को उसकी नई स्थापना के हिसाब से मानकीकृत किया गया है। चूँकि घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति का आकलन करने के लिए पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हैं, हालाँकि आवेदक ने इसके वास्तविक और अनुमानित प्रदर्शन के बीच तुलना भी की है, प्राधिकारी ने इस पर ध्यान दिया है।

61. व्यापार सूचना से विचलन और पिछली अवधि (अर्थात, अप्रैल 22-जून 23) के लिए 15 महीनों के आंकड़े प्रस्तुत करने के तर्क के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि सभी वित्तीय वर्षों को क्षति अवधि का हिस्सा माना गया है। पिछला वर्ष 15 महीनों की अवधि है, क्योंकि इसमें एक संपूर्ण वित्तीय वर्ष को शामिल करने के अलावा, क्षति अवधि और जांच की अवधि के बीच किसी भी अंतराल से बचने के लिए एक अतिरिक्त तिमाही भी शामिल है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि विश्व व्यापार संगठन के दिशानिर्देशों में प्रावधान है कि क्षति अवधि का हिस्सा बनने वाली अवधियों में कोई अंतराल नहीं होना चाहिए। इसलिए, यह ध्यान दिया जाता है कि क्षति अवधि अंतराल-रहित और निरंतर होनी चाहिए, जिसमें जांच की अवधि से पहले के वर्षों में वित्तीय वर्षों के आंकड़े शामिल होने चाहिए।

छ. <u>पाटन का आकलन और सामान्य मूल्य का निर्धारण</u>

<u>निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

छ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

62. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i) कथित कीमत परिवर्तन, यदि कोई हो, का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था, लेकिन पहले ऐसा कोई दावा नहीं किया गया था। तिमाही मार्जिन की गणना का अनुरोध प्रारंभ में किया जाना चाहिए था।

ii) मार्जिन का तिमाही विश्लेषण अनावश्यक है। कच्चे माल की लागत में नगण्य अंतर है। आवेदक का अनुरोध अनुचित है और इसे अस्वीकार किया जाना चाहिए।

iii) यद्यपि आवेदन में तिमाही-वार क्षति मार्जिन की एक तालिका दी गई है, लेकिन तिमाही-वार पाटन मार्जिन का कोई संदर्भ नहीं है। आवेदन में तिमाही-वार क्षति मार्जिन "वास्तविक मंदी" के दावे के संबंध में दिया गया है। आवेदक ने डीजीटीआर को ऐसी कोई जानकारी, आंकड़े या विश्लेषण उपलब्ध नहीं कराया है जो अनुबंध I के पैरा 6(iv) के कठोर मानदंडों को पूरा कर सके।

iv) जांच अवधि की 4 तिमाहियों में रियानलॉन समूह के प्रत्येक पीसीएन के लिए भारित औसत निर्यात कीमत के बीच का अंतर नगण्य है और इसमें कोई/न्यूनतम अंतर नहीं है।

v) प्रश्नावली के उत्तरों में पाटन या उसके अभाव का कोई दावा करने की कोई आवश्यकता या प्रावधान नहीं है। स्पष्ट इनकार का अभाव निर्यातक द्वारा पाटन को स्वीकार करने योग्य नहीं है।

vi) आवेदक के अनुरोध के अनुसार उत्तरदाता निर्यात कीमत सत्यापन के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते कि उन्हें एक्सोटिक डेकोर में सेस्टेट के निर्णय के अनुसार डीजी सिस्टम्स आंकड़ा एक्सेल में उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, विसंगति की स्थिति में, उन्हें स्पष्टीकरण देने का पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए।

vii) रियानलॉन समूह के लिए व्यक्तिगत पाटन मार्जिन की गणना की जा सकती है।

छ.2. घरेलू उद्योग के विचार

63. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i) प्राधिकारी द्वारा पिछले मामलों में और अन्य देशों के जाँच प्राधिकारियों द्वारा अपनाई गई स्थिति के अनुसार, चीन जन.गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था वाला देश माना जाना चाहिए। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए चीनी उत्पादकों की लागत और कीमत पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

ii) चीन के उत्पादकों को गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था परिवेश में कार्यरत कंपनियों के रूप में माना जाना आवश्यक है और प्राधिकारी अनुबंध-I के पैरा 7 के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण कर सकते हैं।

iii) बाज़ार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत और बाज़ार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में निर्मित मूल्य के लिए प्रासंगिक आँकड़े उपलब्ध नहीं थे। किसी तीसरे देश से भारत को मूल्य, अर्थात् कोरिया जन.गण. से भारत को आयात,

जो भारत में संबद्ध वस्तुओं के कुल आयात का 13% है, को सामान्य मूल्य की गणना के लिए ध्यान में रखा गया है।

iv) वैकल्पिक रूप से, चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य की गणना भारत में उत्पादन लागत के अनुमानों के आधार पर की गई है, जिसमें बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय शामिल हैं। घरेलू उद्योग की जानकारी, उचित लाभ मार्जिन और एसजीए के आधार पर परिवर्तित लागतों को शामिल करने के लिए इस मूल्य में उचित समायोजन किए गए हैं।

v) सिंगापुर के घरेलू बाजारों में उत्पाद की कीमत के प्रमाण प्राप्त करने के प्रयास किए गए। हालाँकि, सिंगापुर सहित वैश्विक बाजार में पीयूसी की कीमतें किसी भी प्रकाशन में उपलब्ध नहीं हैं। ये कीमतें उत्पादक और उपभोक्ताओं के बीच लेन-देन की जाती हैं और इसलिए ये सार्वजनिक डोमेन में नहीं हैं। इसलिए, सिंगापुर में सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में उत्पादन लागत, जिसमें बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय और उचित लाभ शामिल हैं, को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

vi) दूसरे स्रोत से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, प्रस्तावित जाँच अवधि के लिए आयातों की मात्रा और मूल्य को ध्यान में रखते हुए निर्यात कीमत निर्धारित की गई है । निष्पक्ष तुलना के उद्देश्य से मूल्य समायोजन का दावा रूढ़िवादी आधार पर किया गया है।

vii) संबद्ध देशों के लिए गणना किए गए पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम स्तर से ऊपर हैं, बल्कि काफी महत्वपूर्ण भी हैं।

155. सर्वप्रथम, यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता ***मीट्रिक टन है, जबकि मांग लगभग ***मीट्रिक टन है। अन्य हितबद्ध पक्षों ने तर्क दिया है कि बढ़ती मांग के साथ, आवेदक की क्षमता अब पर्याप्त नहीं होगी। हालाँकि, यह देखा गया है कि देश में मांग की तुलना में आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। हालाँकि, घरेलू उद्योग इस क्षमता का केवल एक-चौथाई ही उपयोग कर पाया है। किसी भी स्थिति में, मांग-आपूर्ति का अंतर पाटन को उचित नहीं ठहराता। यदि मांग घरेलू क्षमता से अधिक भी हो, तो भी उचित कीमतों पर देश में आयात जारी रह सकता है।

156. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर घरेलू उद्योग, निर्यातकों के बीएएसएफ समूह और सीपीएमए अर्थात् उपयोगकर्ता संघ द्वारा दिया गया था। किसी

अन्य हितबद्ध पक्षकार ने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है और आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है।

157. घरेलू उद्योग ने प्लास्टिक उद्योग की लागत पर संबद्ध वस्तुओं की लागत और लागत के प्रभाव का मात्रात्मक आकलन किया है। यह देखा गया है कि प्लास्टिक के उत्पादन में एओ के कारण लागत न के बराबर है। इसलिए, शुल्कों का प्रभाव न के बराबर होगा।

विवरण	**इकाई**	
प्लास्टिक उत्पादन की लागत	रेंज (रु./किग्रा)	100 - 200
प्लास्टिक उत्पादन की औसत लागत	रु./किग्रा	150
प्लास्टिक उत्पादन में एओ की मात्रा	पीपीएम	1000
खपत किए गए एओ की मात्रा	किग्रा	0.001
एओ की कीमत	रु./एमटी	***
एओ की कीमत	रु./किग्रा	***
खपत किए गए एओ की कीमत	रुपये	***
प्लास्टिक में एओ का लागत घटक	%	0-0.1

158. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत इस तर्क के संबंध में कि शुल्क लगाने से उपयोगकर्ता उद्योग पर लगभग ₹30-50 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा, घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि औसतन, पीपी, एलडीपीई, एलएलडीपीई, एचडीपीई की कीमतें 85 से 90 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच हैं और 1000 पीपीएम खुराक के साथ ₹300 प्रति किलोग्राम मूल्य वाले एंटीऑक्सीडेंट पर ***% का शुल्क लगाने से उत्पाद की कीमत में केवल 3 पैसे प्रति किलोग्राम की वृद्धि होगी। इस प्रकार, यह देखा गया है कि ₹30-50 करोड़ का दावा किया गया वार्षिक भार न्यूनतम कीमत प्रभाव के बराबर है।

159. उपयोगकर्ता संघ ने आगे तर्क दिया है कि शुल्क लगाने से लागत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे पॉलिमर रेजिन प्रसंस्करण इकाइयों का निवल लाभ मार्जिन कम हो जाएगा। हालाँकि, घरेलू उद्योग ने दावों में असंगति का हवाला देते हुए इसका विरोध किया है और कहा है कि यह स्पष्ट नहीं है कि (1.5-3.5) रुपये प्रति किलोग्राम की कथित मूल्य वृद्धि से (15-25) रुपये प्रति किलोग्राम से (5-15) रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमी हो जाएगी। ऐसा प्रतीत होता है कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा विश्लेषण किए गए डाउनस्ट्रीम उद्योगों पर अनुमानित प्रभाव बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया है।

160. संबद्ध वस्तुएँ कच्चा माल नहीं हैं और इनका उपयोग स्टेबलाइजर के रूप में किया जाता है, जो पॉलिमर में अशुद्धियों को दूर करते हैं, उन्हें टिकाऊ बनाते हैं और अत्यधिक टूट-फूट सहने की क्षमता प्रदान करते हैं। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा किए अनुरोधों पर भी विचार किया है, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि, यद्यपि संबद्ध वस्तुएँ अभिन्न हैं, परन्तु प्लास्टिक की लागत में केवल एक छोटा सा घटक हैं। इस प्रकार, ये प्लास्टिक या पॉलिमर उद्योग के लिए कोई बड़ी लागत नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, यदि आगे के उत्पाद पर प्रभाव का निर्धारण किया जाता है, तो प्रभाव वास्तव में नगण्य होगा।

161. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा संयंत्र की स्थापना से पहले, भारत लगभग पूरी तरह से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर निर्भर था। घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तुओं के विनिर्माण और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संयंत्र में पर्याप्त निवेश किया है। घरेलू उद्योग ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि यदि संबद्ध देशों से पाटन जारी रहता है, तो घरेलू उद्योग के पास अपने प्रचालन को स्थायी रूप से बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

162. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में संबद्ध वस्तुओं की कमी नहीं होगी। यह उल्लेखनीय है कि पाटनरोधी शुल्क आयातों पर प्रतिबंध नहीं लगाता, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि आयात उचित मूल्य पर उपलब्ध हों। इसलिए, शुल्क लगाने से उत्पाद की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी। किसी भी स्थिति में, घरेलू उद्योग की क्षमता भारत में माँग से अधिक है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश में पर्याप्त आपूर्ति बनी रहे।

163. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि संबद्ध आयात देश में होने वाले आयातों का 79% है, फिर भी संबद्ध वस्तुओं का आयात कोरिया गणराज्य जैसे अन्य देशों से किया जा रहा है। इस प्रकार, उपभोक्ताओं के पास न केवल घरेलू उद्योग से, बल्कि वैकल्पिक अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं से भी संबद्ध वस्तुओं को प्राप्त करने का विकल्प है।

164. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा इस उत्पाद में महत्वपूर्ण निवेश किया गया है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने एक संयंत्र स्थापित करने के लिए आंतरिक अनुसंधान में निवेश किया है और अपनी स्वयं की विनिर्माण तकनीक विकसित की है। तथापि, घरेलू उद्योग को इस उत्पाद में महत्वपूर्ण क्षति हो रही है, और आवेदक कंपनी के समग्र कार्यनिष्पादन पर, संबद्ध वस्तु के व्यवसाय में क्षति के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। घरेलू उद्योग को भारी हानि हो रही है, जिससे किए गए निवेश की व्यवहार्यता को खतरा है।

165. जहाँ तक घरेलू उद्योग में वृद्धि के कारण शुल्क की आवश्यकता न होने का प्रश्न है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, आवेदक बाजार में एक नया प्रवेशक है। इसलिए क्षति अवधि के दौरान इसके कार्यनिष्पादन में सुधार हुआ है। कार्यनिष्पादन में सुधार को देखते हुए इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि संबद्ध वस्तुओं का देश में पाटन नहीं हो रहा है ।

ड. प्रकटन पश्चात टिप्पणियां

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

166. प्रकटन विवरण के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए थे:

i) रियानलॉन ने आशंका जताई है कि खंड (छ) के अंतर्गत उत्पाद के मूल्य के केवल एक भाग पर शुल्क लगाए जाने के कारण सीमा शुल्क निकासी के समय प्रयोक्ताओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। प्राधिकारी शुल्क लगाने की विधि पर सीमा शुल्क प्राधिकारी के लिए एक विस्तृत और सूचनाप्रद दिशानिर्देश तैयार करें। प्राधिकारी यह भी निर्धारित कर सकते हैं कि संबद्ध और गैर-संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के मूल्यों की गणना उक्त घटकों की मात्रा के अनुपात के साथ अलग-अलग घटकों की घोषित कीमतों के आधार पर की जाएगी।

ii) प्रकटन विवरण में गलती से यह उल्लेख है कि रियानलॉन कारपोरेशन द्वारा भारत को कोई प्रत्यक्ष निर्यात नहीं किया गया। हालाँकि, रियानलॉन कारपोरेशन द्वारा भारत को किए गए प्रत्यक्ष निर्यातों की एक श्रृंखला है। इसे संबंधित खंड में जोड़ा जा सकता है।

iii) रियानलॉन द्वारा अपनी गणनाओं में प्रस्तुत निर्यात मात्रा, निर्यात कीमत और पहुँच कीमत पर विचार नहीं किया गया है। दावे और प्राधिकारी द्वारा साझा किए गए गोपनीय आंकड़ों में अंतर है। प्राधिकारी या तो त्रुटियों को ठीक करें या ऐसे परिवर्तनों के दर्शाएं।

iv) एओबी 2777 के लिए मार्जिन निर्धारित किया जाए। रियानलॉन ने इस मिश्रण के विभिन्न घटकों की मात्रा साझा की क्योंकि 'मूल्यों' को साझा करने के अनुदेश अस्पष्ट नहीं था क्योंकि वाणिज्यिक बीजक में कोई विवरण दर्शाए बिना एकल बीजक मूल्य घोषित किया गया है। निर्यातकों के पास मूल्य विवरण मूल्य का कोई आंकड़ा नहीं है। यह स्पष्ट नहीं था कि क्या प्राधिकारी व्यक्तिगत घटकों की लागत चाहते थे।

v) मिश्रण (क) से (ड.) और एंटी-ऑक्सीडेंट के मिश्रणों को किसी अन्य उत्पाद के साथ शामिल करना प्राधिकारी की परिपाटी के साथ-साथ विभिन्न न्यायिक घोषणाओं के असंगत हैं। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में केवल उन्हीं उत्पादों को शामिल करना सतत दृष्टिकोण रहा है, जो वास्तव में आवेदक द्वारा जांच की अवधि में निर्मित और बिक्री किए गए हैं।

vi) जांच की शुरुआत की अधिसूचना के अनुसार, केवल एओ जो आधार कच्चे माल के रूप में मेटिलॉक्स का प्रयोग करते हैं, वर्तमान जांच के अधीन हैं। इसलिए, एओ जो आधार कच्चे माल के रूप में मेटिलॉक्स का उपयोग नहीं करते हैं, वर्तमान जांच के अधीन नहीं हैं। तथापि, प्रकटन विवरण में सामंजस्यपूर्ण प्रणाली की व्याख्या के लिए सामान्य नियमों का संदर्भ दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि मिश्रणों के मामले में, वर्गीकरण उस घटक पर आधारित होगा जो उत्पाद को उसका आवश्यक गुण प्रदान करता है। यह नोट किया गया है कि किसी उत्पाद के आवश्यक गुण की पहचान करने के महत्व को उजागर करने के लिए इस संदर्भ पर भरोसा किया जाता है। प्रकटन विवरण में यह स्पष्ट नहीं किया गया है

कि आवेदक 2.4 डीटीबीपी या 2.6 डीटीबीपी या मेटिलॉक्स का उपयोग करके एओ-168 का निर्माण करता है। इसलिए, एओ-168 को जाँच के दायरे से बाहर रखा जाए क्योंकि मेटिलॉक्स का प्रयोग करके निर्मित एओ 168 वाणिज्यिक और तकनीकी रूप से अन्य कच्चे माल का प्रयोग करके निर्मित एओ-168 से भिन्न है, अर्थात, अनिवार्य लक्षण पूरी तरह से भिन्न है।

vii) प्राधिकारी की परिपाटी अन्य घरेलू उत्पादकों और संबंधित मंत्रालयों से सूचना प्राप्त करना है। तथापि, ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसी किसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। चूँकि अन्य उत्पादक पहले से ही मौजूद रहे हैं, इसलिए आवेदक बाजार हिस्सा प्राप्त करने में प्रतिरोध का सामना करने के लिए बाध्य हैं। क्षति प्रदर्शित करने के गलत इरादे से, आवेदक ने अन्य उत्पादकों को घरेलू उद्योग के क्षेत्र से बाहर रखा गया। इसके अतिरिक्त, इसने दावा किया कि निर्यात बाजार के लिए एचपीएल के उत्पादन को नजरअंदाज किया जाए, जो कानून और प्राधिकारी की परिपाटी के संगत नहीं हैं। अत:, प्राधिकारी अपना स्वयं का विश्लेषण करें और इस मुद्दे पर पहले ही स्पष्ट आदेश पारित करें।

viii) यह बात सामने आई है कि प्रकटन विवरण के पैरा 92 में वास्तविक क्षति और वास्तविक मंदी, दोनों प्रस्तावित हैं। तथापि, दोनों विशिष्ट संकल्पनाएं हैं। इसके अलावा, वास्तविक मंदी का कोई मामला नहीं बनता है क्योंकि एचपीएल 2009 से उत्पादन कर रहा है। वास्तविक मंदी का जांच परिणाम एक "उद्योग" की स्थापना के विरुद्ध लगाया जाना आवश्यक है, न कि किसी विशेष उत्पादक के विरुद्ध।

ix) व्यापार सूचना संख्या 2/2004 के अनुसार, आवेदन-पत्र में जांच की अवधि और पिछले तीन वित्तीय वर्षों की सूचना शामिल होनी आवश्यक है। आवेदक ने वित्त वर्ष 2020-21, वित्त वर्ष 2021-2022, अप्रैल 2022- जून 2023 (15 महीने), जुलाई 2023- जून 2024 (9 महीने) की सूचना प्रदान की है। 15 महीने को पूर्ववर्ती वर्ष मानकर व्यापार नोटिस का उल्लंघन किया गया है। प्राधिकारी को निर्धारित प्रक्रिया से विचलित होने की स्वतंत्रता नहीं है। वर्तमान जाँच दोषपूर्ण जांच की शुरुआत की अधिसूचना पर आधारित है, और इसे समाप्त किया जाए या प्राधिकारी हमारी आपत्तियों को स्वीकार या अस्वीकार करते हुए आदेश पारित करें।

x) चूँकि आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र में प्रदान किए गए आंकड़े व्यापार सूचना के अनुसार नहीं है, अत: उत्तरदाता क्षति और कारणात्मक संपर्क के मुद्दों पर अपनी टिप्पणी देने की स्थिति में नहीं है। तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष को 15 महीने की अवधि बनाकर पाटन और क्षति की भ्रामक तस्वीर गढ़ी गई है।

xi) बीएएसएफ ने प्राधिकारी को व्यापार सूचना 10/2018 के उल्लंघनों से अवगत कराते हुए एक पत्र लिखा। तथापि, न तो कोई सूचना प्राप्त हुई और न ही आवेदक को कोई निर्देश जारी किया गया। प्राधिकारी आवेदन-पत्र को स्वीकार करके व्यापार सूचना से विचलित हुए हैं जो गोपनीय अनुरोधों को रिकॉर्ड में लेने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित अनिवार्य पूर्व शर्तों के अनुरूप नहीं है।

xii) विलय योजना और एनसीएलटी आदेश जैसी सार्वजनिक सूचना को बिना कोई कारण बताए गोपनीय रखा गया है।

xiii) प्राधिकारी से प्राप्त मेलों के पिछले मेलों से ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक ने विभिन्न अनुरोध दायर किए हैं जिनके लिए कोई अगोपनीय रूपांतर प्रदान नहीं किया गया था। प्राधिकारी के पत्र में यह उल्लेख किया गया था कि लागत और कीमत में महत्वपूर्ण अंतर को देखते हुए तिमाही-वार मार्जिन की आवश्यकता है। तथापि, इस तरह के दावे को प्रमाणित करने के लिए कोई सूचना प्रदान नहीं की गई थी।

xiv) आवेदकों द्वारा अद्यतन आंकड़ों के संपूर्ण अनुबंधों को ऐसे अनुबंधों का कोई सार्थक सारांश प्रदान किए बिना ही रख लिया गया था।

xv) विलय के कारण आवेदक को अप्रैल 2021 से संबद्ध सामानों का उत्पादक माना जा रहा है। तथापि, आधार वर्ष अर्थात 2020-2021 में, आवेदक उत्पादक नहीं था। इसलिए, क्षति संबंधी सूचना सही नहीं है और इस पर विचार नहीं किया जा सकता।

xvi) अप्रैल 2020 से वाणिज्यिक उत्पादन की घोषणा तक की अवधि उत्पाद गुणों और विशिष्टताओं के मुद्दों के साथ-साथ कोविड-19 से प्रभावित रही। क्षति अवधि में 20-21 और 21-22 को शामिल करने से विसंगति पैदा होगी।

ड.2 घरेलू उद्योग के विचार

167. प्रकटन विवरण के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए थे:

i) मिश्रणों की संरचना ज्ञात है और घटकों के भौतिक मिश्रण द्वारा इसे आसानी से दोहराया जा सकता है। इससे कोई रासायनिक प्रतिक्रिया नहीं होती है और न ही कोई नया पदार्थ बनता है। इसलिए, मिश्रण के लिए कोई नया सीएएस नंबर नहीं बनाया जाता है, जैसा कि आवेदक और उत्तरदाताओं के तकनीकी आंकड़ा तालिकाओं (टीडीएस) से भी देखा जा सकता है।

ii) प्रयोक्ता अनिवार्य रूप से एंटीऑक्सीडेंट के संयोजन का प्रयोग करते हैं और मिश्रण की संरचना से अच्छी तरह वाकिफ होते हैं, जिसकी घोषणा टीडीएस तालिका और विश्लेषण प्रमाणपत्र (सीओए) में की जाती है। यदि किसी भी मिश्रण को छोड़ दिया जाता है, तो आयातक अलग से स्वच्छ एओ खरीदने और उन्हें एक संयोजन में उपयोग करने के बजाय अपेक्षित एओ के मिश्रण का आयात करेंगे।

iii) हितबद्ध पक्षकारों ने प्रयोक्ता के साथ एक पत्राचार का उल्लेख किया है जिसमें बेची गई सामग्री को अस्वीकार करने की बात कही गई है। तथापि, हितबद्ध पक्षकार ने दुर्भावनापूर्ण इरादों के कारण केवल आंशिक सूचना प्रदान की है। यह नोट किया जाए कि प्राप्त शिकायत का निवारण कर दिया गया है और न केवल स्थानापन्न सामग्री उपलब्ध कराई गई है, बल्कि प्रयोक्ता ने बाद में काफी बड़ी मात्रा में ऑर्डर भी दिए हैं।

iv) मिश्रण का हिस्सा बनने वाले अन्य घटकों के मूल्य की पहचान करने और अपने दावे के समर्थन में उचित साक्ष्य प्रदान करने के लिए प्राधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, हितबद्ध पक्षकारों ने इसका पालन नहीं किया है।उत्तरदाताओं द्वारा निर्देशों का पालन न करने पर प्रतिक्रिया को अस्वीकार किया जा सकता है।

v) प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे यथामूल्य में पाटनरोधी शुल्क लगाएं, क्योंकि विचाराधीन उत्पाद में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट और मिश्रण शामिल हैं, जिनकी संबद्ध लागत और कीमतों में काफी भिन्नता है। उच्च मूल्य वाले पीसीएन पर औसत शुल्क लगाने से कुछ उत्पाद प्रकारों पर कम और अन्य पर अधिक प्रभाव पड़ेगा।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

168. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन-पश्चात की गई टिप्पणियों की जाँच की है। यह नोट किया जाता है कि टिप्पणियां दोहराई गई हैं और जिनकी पहले ही उचित रूप से जाँच की जा चुकी है और अंतिम जांच परिणामों के संगत पैराओं में पर्याप्त रूप से हल कर दी गई हैं, संक्षिप्तता के लिए प्राधिकारी द्वारा प्रकटन-पश्चात की गई जाँच में नहीं दोहराई जा रही हैं। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकन-पश्चात जाँच में पहली बार उठाए गए और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए मुद्दों की जाँच निम्नानुसार की गई है:

क) प्राधिकारी उन मामलों में सीमा शुल्क निकासी के समय संभावित कठिनाइयों के संबंध में निर्यातक द्वारा उठाई गई चिंता को नोट करते हैं जहाँ खंड (छ) के अंतर्गत मिश्रण के मूल्य के केवल एक भाग पर ही पाटनरोधी शुल्क लागू होता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि जाँच के क्षेत्र में केवल ऐसे मिश्रणों में निहित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट ही शामिल हैं, और गैर-संबद्ध घटक वर्तमान कार्यवाही के क्षेत्र से बाहर रहते हैं। इसके अतिरिक्त, चूँकि प्राधिकारी ने शुल्क के निश्चित स्वरूप की सिफारिश की है, इसलिए शुल्क ऐसे मिश्रणों के अंतर्गत शामिल संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा पर लागू होगा। खंड (छ) के अंतर्गत आने वाले मिश्रणों के लिए, आयातक ऐसे मिश्रणों में संबद्ध सामानों के अनुपात और मात्रा का पता लगाने के लिए सीमा शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि हेतु संगत सूचना प्रदान करेगा। प्राधिकारी का मानना है कि आयातक के लिए संगत सूचना प्रदान करना कठिन नहीं है और ऐसा आकलन सीमा शुल्क प्राधिकारियों के लिए कठिन या अव्यावहारिक है। इस संबंध में प्राधिकारी का मानना है कि घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब प्रमुख संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट वाले एंटीऑक्सीडेंट के साथ मामूली गैर-संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के आयात की अनुमति देने से वह संपूर्ण उद्देश्य विफल हो सकता है जिसके लिए पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की जा रही है।

ख) रियानलॉन कारपोरेशन द्वारा प्रत्यक्ष निर्यात के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि रियानलॉन समूह की रियानलॉन कारपोरेशन चीन जन.गण. में संबद्ध सामानों का एक उत्पादक है। इसने स्वयं द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों का 15.7 एमटी सीधे भारत को निर्यात किया है। इसने रियानलॉन टेक्नोलॉजी (व्यापारी) के माध्यम से भी संबद्ध सामानों का 649 एमटी निर्यात किया है। इसके अलावा,

रियानलॉन कारपोरेशन ने एक संबद्ध उत्पादक रियानलॉन (झोंगवेई) न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड से खरीदे गए माल का भारत में निर्यात भी किया है। इस जांच परिणाम के संगत भाग में में व्यापार चैनल का विधिवत उल्लेख किया गया है।

ग) रियानलॉन समूह ने अनुरोध किया है कि निर्यातक द्वारा बताई गई निर्यात मात्रा और प्राधिकारी द्वारा विचारित मात्रा के बीच विसंगति है। तथापि, प्रकटन के बाद उत्पादक/निर्यातक ने स्पष्ट किया कि 'एक मामले में, आरसी द्वारा आरटी को की गई बिक्री और आरटी द्वारा भारत को आयातित विचाराधीन उत्पाद के अंतिम निर्यात के बीच बीजक संख्याएँ भिन्न हैं। इस बीजक को मैन्युअल रूप से मैप किया जाना था। अन्य मामलों में, मैन्युअल मैपिंग आवश्यक थी क्योंकि जब आरसी ने आरटी को आयातित विचाराधीन उत्पाद बेचा, तो लेनदेन दो बीजक संख्याओं के तहत दर्ज किया जा सकता था, जबकि जब आरटी ने उसी विचाराधीन उत्पाद को भारतीय ग्राहक को निर्यात किया, तो यह एक ही बीजक संख्या के तहत था।' तदनुसार, प्रतिक्रिया की पुनः जाँच की गई। रियानलॉन समूह ने भारत को कुल 1,037 एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया। इसमें से 134 एमटी सामग्री रियानलॉन द्वारा आयात की गई और फिर भारत को निर्यात की गई, जबकि शेष 903 एमटी सामग्री रियानलॉन द्वारा उत्पादित और भारत को निर्यात की गई। तदनुसार, शेष 903 एमटी को प्राधिकारी ने रियानलॉन की निर्यात मात्रा के रूप में ध्यान में रखा है। इसे ऊपर दी गई पाटन और क्षति मार्जिन तालिकाओं में अद्यतन किया गया है। रियानलॉन समूह के समग्र पाटन या क्षति मार्जिन में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है।

घ) निर्यातक द्वारा दावा की गई निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य तथा प्राधिकारी द्वारा विचारित मूल्य के बीच विसंगति के संबंध में, यह देखा गया है कि यह अंतर समुद्री माल भाड़े और बीमा के समायोजन के तरीके से उत्पन्न होता है। यह नोट किया जाता है कि रियानलॉन टेक्नोलॉजी ने सीआईएफ, सीएफआर, या सीएंडएफ आधार पर किए गए निर्यातों के लिए पीसीएन स्तर पर समुद्री माल भाड़े और बीमा के निमित समायोजनों का दावा किया था। तथापि, प्राधिकारी ने ऐसे समायोजन समग्र/औसत आधार पर करना उचित समझा।

ड.) जहां तक रियानलॉन द्वारा मिश्रण ख 2777, अर्थात् विचाराधीन उत्पाद परिभाषा के खंड (छ) के अंतर्गत आने वाले मिश्रण के गैर-विषयक घटक का मूल्य इस

आधार पर रिपोर्ट न करने का संबंध है कि "मूल्यों" की रिपोर्टिंग के संबंध में निर्देश अस्पष्ट थे, प्राधिकारी का मानना है कि निर्यातक द्वारा दिए गए कारण अपर्याप्त हैं और उन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। निर्यातक "मूल्य" के अर्थ पर प्राधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने और अपने पास उपलब्ध तथा अपने रिकॉर्डों से यथोचित रूप से निकाली जा सकने वाली सूचना प्रदान करने के लिए स्वतंत्र था। प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्यातक ने जांच के दौरान कई अनुरोध किए, लेकिन किसी भी स्तर पर कोई प्रश्न नहीं उठाया, स्पष्टीकरण नहीं मांगा या इस बारे में संगत सूचना प्रदान करना आवश्यक नहीं समझा कि मिश्रण के घटकों का मूल्य कैसे रिपोर्ट किया जा सकता है। किसी भी स्थिति में, निर्यातकों द्वारा बेचे गए ऐसे मिश्रणों की कम मात्रा को देखते हुए, प्राधिकारी ने ऐसी बिक्री को पाटन और क्षति मार्जिन के निर्धारण से बाहर रखना उचित समझा है।

च) यह तर्क दिया गया है कि विचाराधीन उत्पाद परिभाषा के खंड (च) और (छ) के अंतर्गत मिश्रणों को शामिल करना प्राधिकारी की सिद्ध परिपाटी और विभिन्न न्यायिक घोषणाओं के साथ असंगत है, इस आधार पर कि केवल उन्हीं उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किया जाना चाहिए जो आवेदक द्वारा जांच की अवधि के दौरान वास्तव में निर्मित और बेचे जाते हैं। साथ ही, घरेलू उद्योग ने यह भी दलील दी है कि प्रयोक्ता हमेशा एंटीऑक्सीडेंट के ऐसे संयोजन/मिश्रण का उपयोग करते हैं, जिनकी संरचना सर्वविदित है और उनके घटकों को वास्तविक रूप से मिलाकर आसानी से दोहराया जा सकता है। जैसा कि पहले ही उल्लेख किया जा चुका है, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से मिश्रणों को बाहर करने से शुल्कों से बचने का स्पष्ट जोखिम पैदा होगा, क्योंकि आयातक अलग से शुद्ध एंटीऑक्सीडेंट के बजाय मिश्रणों का आयातों जाने का विचार कर सकते हैं। ऐसा परिणाम वर्तमान जांच के मूल उद्देश्य को ही कमजोर कर देगा, क्योंकि यह शुल्कों को अप्रभावी बना देगा और घरेलू उद्योग को कोई सार्थक उपाय प्रदान करने में विफल रहेगा।

छ) निर्यातक ने अपना तर्क दोहराया है कि एओ -168 को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि इसमें मेटिलॉक्स को आधार कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाता है। उसने बताया है कि प्रकटन विवरण में सामंजस्यपूर्ण प्रणाली की व्याख्या के सामान्य नियमों का उल्लेख है, जिसमें कहा

गया है कि मिश्रणों के मामले में, वर्गीकरण उस घटक के आधार पर होगा जो उत्पाद को उसका "आवश्यक गुण" प्रदान करता है। तथापि, प्रकटन विवरण में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि आवेदक एओ -168 का निर्माण 2.4 डीटीबीपी या मेटिलॉक्स का उपयोग करके करता है या नहीं। एओ -168 को बाहर रखने का तर्क इस आधार पर दिया गया है कि जांच की शुरुआत की अधिसूचना में वह विचाराधीन उत्पाद शामिल है जिसका उत्पादन मेटिलॉक्स को आधारभूत कच्ची सामग्री के रूप में प्रयोग करके किया जाता है और एओ 168 में मेटिलॉक्स को आधारभूत कच्ची सामग्री के रूप में प्रयोग हीं किया जाता है।

ज) यह नोट किया जाता है कि आवेदक ने आवेदन में विचाराधीन उत्पाद के दायरे में AO 168 को शामिल किया था, और इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख आरंभिक अधिसूचना में किया गया था। इसके अलावा, PUC और PCN कार्यप्रणाली के दायरे पर इच्छुक पक्षों की टिप्पणियां प्राप्त करने पर, आवेदक ने अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्पष्ट किया कि आवेदन में एक तथ्यात्मक त्रुटि थी जिसे ठीक किया जा सकता है और इसके बजाय इसे इस प्रकार पढ़ा जा सकता है, "जबकि AO 1010, AO 1076, AO 1098 और L135 2.6 DTBP का उपयोग करते हैं और AO168 2.4 DTBP को कच्चे माल के रूप में उपयोग करता है, प्रमुख अंतर प्रत्येक एंटीऑक्सीडेंट प्रकार के लिए विशिष्ट अतिरिक्त कच्चे माल और प्रत्येक एंटीऑक्सीडेंट के लिए अनुकूलित विशिष्ट प्रक्रिया स्थितियों में निहित हैं"। इसलिए, यह स्पष्ट है कि एंटीऑक्सीडेंट ब्यूटाइल फिनोल, 2.4-DTBP या 2.6-DTBP, को प्रमुख कच्चे माल के रूप में उपयोग करते हैं। इनमें से, 2,6-डीटीबीपी को आगे मेटिलॉक्स नामक एक मध्यवर्ती उत्पाद में संसाधित किया जाता है, जिसका उपयोग एओ 1010, एओ 1076, एओ 1098 और एल135 जैसे एंटीऑक्सीडेंट के अंतिम उत्पादन में किया जाता है।

झ) प्राधिकारी नोट करता है कि पीयूसी/पीसीएन पर टिप्पणियां मांगने का उद्देश्य घरेलू उद्योग सहित इच्छुक पक्षों को पीयूसी के दायरे और पीसीएन कार्यप्रणाली पर स्पष्टीकरण देने या स्पष्टीकरण मांगने की अनुमति देना है, जिस पर प्राधिकरण को विचार करना चाहिए। विभिन्न इच्छुक पक्षों द्वारा किए गए प्रस्तुतीकरण के आधार पर, प्राधिकरण ने 11 दिसंबर 2024 की अंतिम पीयूसी/पीसीएन कार्यप्रणाली सूचना में आगे स्पष्टीकरण दिया, जहां प्राधिकरण ने पर्याप्त रूप से

स्पष्ट किया है कि एओ 168 विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा है। इच्छुक पक्ष यह तर्क नहीं दे सकते कि प्राधिकरण उस पीयूसी के दायरे को उचित रूप से स्पष्ट नहीं कर सकता जिसके लिए आवेदन दायर किया गया था, जिसके लिए डेटा/सूचना प्रदान की गई है और जिस पर अंततः शुल्क लगाने के लिए विचार किया जाएगा।

ञ.) जैसा कि इस जांच परिणाम में पहले ही उल्लेख किया गया है, हितबद्ध पक्षकार ने यह गलत समझा है कि कच्चा माल ही एकमात्र मापदंड है जिसके आधार पर प्राधिकारी ने विभिन्न उत्पाद प्रकारों को एक ही विचाराधीन उत्पाद माना है। इस बात पर भी ज़ोर दिया जाता है कि संबंधित एंटीऑक्सीडेंट, चाहे उनकी संरचना कुछ भी हो, मुख्य रूप से प्लास्टिक फ़ॉर्मूलेशन में एडिटिव्स के रूप में उपयोग किए जाते हैं, और एक ही उद्देश्य की पूर्ति करते हैं। उत्पादन उपकरण, उत्पादन प्रक्रिया और परिणामी विशेषताएँ लगभग एक जैसी ही हैं। सभी संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट व्यापार और उपयोग में आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं। एओ 168 सहित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट का अनिवार्य प्रकार्य सटेबलाइजर, प्रसंस्करण और पूर उत्पाद जीवनचक्र के दौरान पोलिमर्स के डिग्रेडेशन को रोकने के रूप में कार्य करना है। यद्यपि इन एंटीऑक्सीडेंट की विशिष्ट संरचना और गुण-धर्म अलग अलग हो सकते हैं, तथापि इन एंटीऑक्सीडेंटों में मौलिक भूमिका वही अर्थात ऑक्सीडेशन/प्लास्टिक के डिग्रेडेशन को रोकने की रहती है।

ट) अन्य पक्षकारों ने तर्क दिया कि प्राधिकारी को आवेदक की पात्रता के मुद्दे पर अपना स्वयं का विश्लेषण करना चाहिए। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, प्राधिकारी ने आधिकारिक राजपत्र और डीजीटीआर वेबसाइट पर जाँच शुरू करने की अधिसूचना प्रकाशित की, जिसमें भारतीय उद्योग के घटकों और आवेदक द्वारा अन्य ज्ञात उत्पादकों की स्थिति पर अनुरोध पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त, आवेदक अन्य घरेलू उत्पादकों से संपर्क करने के उनके द्वारा किए गए बार-बार प्रयासों को भी रिकॉर्ड में लाया है: (क) जाँच शुरू करने से पहले (ख) जाँच शुरू करने के बाद (ग) मौखिक सुनवाई से पहले। जहाँ प्राधिकारी को कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्राइवेट लिमिटेड से जाँच के समर्थन में उसके पत्र के साथ उत्पादन संबंधी सूचना प्राप्त हुई, वहीं एचपीएल एडिटिव्स से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग का दावा है कि एचपीएल एडिटिव्स

मुख्य रूप से निर्यात आदेशों के आधार पर उत्पादन करता है और तर्क दिया कि निर्यात के लिए किए जाने वाले ऐसे उत्पादन को घरेलू उद्योग के क्षेत्र का निर्धारण करने के लिए नहीं माना जाना चाहिए। तथापि, प्राधिकारी ने निर्यात के लिए एचपीएल एडिटिव्स द्वारा किए गए उत्पादन सहित भारतीय उत्पादकों के "सकल उत्पादन" को ध्यान में रखते हुए कुल भारतीय उत्पादन में आवेदक की हिस्सेदारी निर्धारित करने के लिए अपने पास उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना पर विचार किया। इस प्रकार, भारतीय उत्पादन और भारतीय उत्पादन में आवेदक की हिस्सेदारी में एचपीएल एडिटिव्स द्वारा निर्यात के लिए किया जाने वाला उत्पादन भी शामिल है।

ठ) इस तर्क के संबंध में कि वास्तविक क्षति और वास्तविक मंदी, दोनों पर विचार करने का प्रस्ताव किया गया है, जबकि दोनों परस्पर तौर विशिष्ट संकल्पनाएं हैं, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग एक नया उत्पादक है। तथापि, आधार वर्ष से इसका प्रचालन इतिहास रहा है और क्षति अवधि की संपूर्णता के लिए सूचना उपलब्ध है। इस प्रकार, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति की जाँच की है।

ड) यह तर्क कि आवेदक के आँकड़े व्यापार सूचना 2/2004 के अनुरूप नहीं हैं, जिससे उत्तरदाताओं को क्षति और कारणात्मक संपर्क पर सार्थक टिप्पणियाँ देने से रोका जा रहा है, गलत है। यह तर्क दिया गया है कि जाँच अवधि से पहले की अवधि निर्धारित वित्तीय वर्ष के बजाय 15 महीने की अवधि है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उक्त व्यापार सूचना के पैरा 2(ii) में निम्नलिखित उल्लेख है:

> *"आवेदन में प्रस्तावित जाँच अवधि (पीओआई) और पिछले तीन वित्तीय वर्षों से संबंधित सूचना और आँकड़े अनिवार्य रूप से शामिल होने चाहिए। जाँच अवधि और पिछले वित्तीय वर्षों के बीच कोई अंतराल नहीं होना चाहिए, लेकिन कुछ ओवरलैप हो सकते हैं। पिछले तीन वर्षों के आँकड़ों का प्रयोग क्षति के निर्धारण हेतु प्रवृत्ति विश्लेषण के लिए किया जाएगा।"*

ढ) यह देखा जाता है कि जाँच की अवधि से पहले के वर्षों में व्यापार सूचना द्वारा अनिवार्य तीन वित्तीय वर्षों की सूचना शामिल है। इसके अलावा, जाँच अवधि जुलाई 2023 से शुरू होती है और इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली

तिमाही, अर्थात 23 अप्रैल से 23 जून, को इसमें शामिल नहीं किया गया है, जिसे जाँच की अवधि से पहले के वर्ष में शामिल किया गया है, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि आवेदक एक नया उत्पादक है जो उत्पाद विनिर्देश और ग्राहकों से अनुमोदन से संबंधित मुद्दों से प्रभावित है। आवेदक ने जुलाई 2023 के बाद से केवल पाटित आयातों के कारण क्षति का आरोप लगाया था। इसके अलावा, यदि आवेदक ने 2020-21, 2021-22, 2022-23, अप्रैल 2023-जून 23 को पूर्ववर्ती वर्ष माना होता तो इसके परिणामस्वरूप जांच की अवधि से ठीक पहले का वर्ष केवल 3 महीने का होता और इससे पूरा विश्लेषण विकृत हो जाता। यदि अप्रैल 23-जून 23 की अवधि को बाहर रखा जाता तो इसके परिणामस्वरूप क्षति अवधि में अंतराल आ जाता। तदनुसार, जांच की अवधि से ठीक पहले की अवधि में अप्रैल 2023 से जून 2023 को शामिल करने से यह सुनिश्चित होता है कि व्यापार नोटिस 2/2004 में निहित शर्त के अनुरूप क्षति अवधि में कोई अंतराल नहीं है, जो यह प्रावधान करता है कि जांच की अवधि और पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के बीच कोई अंतराल नहीं होना चाहिए, हालांकि ओवरलैप हो सकता है। अतीत में कई जांचें हुई हैं जिनमें जांच की अवधि से पहले 15 महीने की अवधि मानी गई है, जैसे कि चीन जन.गण. , यूरोपीय संघ, जापान और रूस से "एक्रिलोनिट्राइल ब्यूटाडाइन रबर" (फा. संख्या 6/18/2020-डीजीटीआर) और चीन जन.गण. और यूरोपीय संघ से "मिश्र धातु या गैर-मिश्र धातु इस्पात के रंग-लेपित/पूर्व-चित्रित चपटे उत्पाद" पर जांच।

ण) आवेदक द्वारा विलय की योजना और विनती ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और वीरल एडिटिव्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच विलय को मंजूरी देने वाले एनसीएलटी आदेश पर गोपनीयता का दावा करने से संबंधित तर्क के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि ये दस्तावेज आवेदन-प के गोपनीय रूपांतर का भाग नहीं थे और इसलिए इन्हें अगोपनीय रूपांतर के साथ संलग्न नहीं किया गया था। यह भी नोट किया जाता है कि आवेदक ने मौखिक सुनवाई के बाद दायर लिखित अनुरोधों के गोपनीय और अगोपनीय रूपांतर के साथ एनसीएलटी के अनुमोदन आदेश की एक प्रति प्रस्तुत की।

(त) यह तर्क दिया गया है कि आवेदक ने लागत और कीमत में महत्वपूर्ण अंतर के कारण तिमाही-वार मार्जिन के निर्धारण की आवश्यकता को प्रमाणित करने के

लिए कोई सूचीबद्ध सूचना प्रदान नहीं की। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों पर विधिवत ध्यान दिया और घरेलू उद्योग के अनुरोध को स्वीकार न करने का निर्णय लिया। यह नोट किया जाता है कि रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़े तिमाही-वार मार्जिन के निर्धारण की आवश्यकता को उचित नहीं ठहराते हैं।

थ) जहाँ तक आवेदक द्वारा अद्यतन आंकड़ों के साथ अनुबंधों का सारांश उपलब्ध नहीं कराने का संबंध है, यह देखा गया है कि आवेदक ने प्राधिकारी द्वारा विचारित जांच अवधि, अर्थात् जून 2023 से जुलाई 2024 (12 महीने) की अवधि के लिए आवेदन-पत्र और अनुबंधों को अद्यतन किया है, और उसका एक अगोपनीय रूपांतर परिचालित किया है जिससे हितबद्ध पक्षकारों को उस पर आधारित सार्थक टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर प्राप्त हुआ है।

द) यह तर्क दिया गया है कि क्षति संबंधी सूचना पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि आवेदक को संबद्ध सामानों का उत्पादक केवल 2021-22 में वीएपीएल के साथ विलय के बाद ही माना जा सकता है, जबकि माना गया आधार वर्ष 2020-21 है। इस संबंध में, यह नोट किया जाता है कि वीएपीएल ने आधार वर्ष में संयंत्र स्थापित किया था और उत्पादन शुरू किया था। विलय के बाद, वीएपीएल का कोई अलग कानूनी अस्तित्व नहीं रहा और इसलिए उसके लिए वर्तमान जाँच में भाग लेना संभव नहीं है। तथापि, आवेदक के पास विलय-पूर्व अवधि के वीएपीएल के रिकॉर्ड भी मौजूद हैं। इसलिए आवेदक आधार वर्ष सहित संपूर्ण क्षति अवधि की सूचना प्रदान करने की स्थिति में है।

ध) यद्यपि यह तर्क कि क्षति अवधि में 2020-21 और 2021-22 को शामिल करने से एक बेतुका परिणाम निकलेगा क्योंकि यह उत्पाद विनिर्देश और कोविड-19 महामारी संबंधी मुद्दों से प्रभावित था, इस जांच परिणाम में प्राधिकारी द्वारा पहले ही हल किया जा चुका है, यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि आम तौर पर जांच की अवधि और जांच की अवधि से ठीक पहले के तीन वर्षों को शामिल करने वाली अवधि होती है, जब तक कि आवेदक कम अवधि के लिए अस्तित्व में न रहा हो, अर्थात, वास्तविक मंदी के मामलों में जहां उद्योग स्वयं कम अवधि के लिए प्रचालनरत रहा हो। वर्तमान मामले में, उत्पादन अप्रैल 2020 में शुरू हुआ। चूंकि पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हैं, इसलिए प्राधिकारी ने जांच की अवधि से पहले के 3 वर्षों को क्षति अवधि में शामिल करने पर विचार किया है, क्योंकि यह उद्योग

के निष्पादन की एक पूर्ण और सुसंगत तस्वीर प्रदान करता है और वास्तविक क्षति का उचित मूल्यांकन सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, आवेदक के निष्पादन को उसकी नई स्थापना को ध्यान में रखते हुए मानकीकृत किया गया है।

न) शुल्क के यथामूल्य रूप की सिफारिश करने के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि इस प्रकार के शुल्क को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त आधार सिद्ध नहीं किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, चूँकि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में संबद्ध और गैर-संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के मिश्रण शामिल हैं, इसलिए शुल्क के यथामूल्य रूप की सिफारिश करना उचित नहीं माना जाता है।

ढ. <u>निष्कर्ष एवं सिफारिश</u>

169. हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जाँच करने तथा रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के पश्चात, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि:

क) विचाराधीन उत्पाद निम्नलिखित सीएएस संख्या या उनके समतुल्य के अनुरूप कुछ प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट हैं:

क. 6683-19-8, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1010 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। इसका रासायनिक नाम पेंटाएरिथ्रिटोल टेट्राकिस *(3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल) प्रोपियोनेट) है।*

ख. 2082-79-3, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1076 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *इसका रासायनिक नाम ऑक्टाडेसिल-3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल)-प्रोपियोनेट है।*

ग. 31570-04-4, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 168 और इसके समतुल्य के रूप में भी जाना जाता है। *रासायनिक नाम ट्रिस (2,4-डाइ-टर्ट ब्यूटाइलफेनिल) फॉस्फाइट है।*

घ. 23128-74-7 जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1098 और इसके समकक्ष के रूप में भी जाना जाता है। रासायनिक नाम एन,एन'-हेक्सेन-1,6-डाइ-लबिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिलप्रोपियोनामाइड)) है।

ड. 125643-61-0 जिसे एंटीऑक्सीडेंट एल135 या 1135 इसके समकक्ष के रूप में भी जाना जाता है। *रासायनिक नाम बेंजीनप्रोपेनोइक एसिड, 3,5-बिस (1,1-डाइमिथाइलएथिल)-4-हाइड्रॉक्सी, सी7-9-ब्रांच्ड एल्काइल एस्टर है।*

च. (क) से (ड.) में उल्लिखित एंटीऑक्सीडेंट के मिश्रण

छ. (क) से (ड.) में उल्लिखित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट के मिश्रण किसी अन्य उत्पाद के साथ यदि परिणामी मिश्रण में संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा 50% या अधिक है। इस जांच के क्षेत्र में केवल ऐसे मिश्रण का संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट ही शामिल है।

ख) संबद्ध सामानों का आयात सीमा प्रशुल्क अधिनियम 1975 के सीमा शुल्क उपशीर्ष 29054290, 29071990, 29072990, 29181990, 29182910, 29182990, 29183090, 29189990, 29202100, 29202910, 29202930, 29202990, 29209000, 29242990, 29309099, 29336990, 38112900, 38119000, 38123910 और 38123990 के तहत किया जाता है। सीमा प्रशुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

ग) प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को संगत सूचना प्रदान करने का अवसर प्रदान किया और उसके बाद विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को तय करने और उपयुक्त पीसीएन पद्धति को अधिसूचित करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों के साथ बातचीत की। प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा सूचित उत्पाद विशेषताओं के आधार पर पीसीएन पद्धति को अधिसूचित किया और हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और प्रस्तावित पीसीएन अधिसूचित किया।

घ) घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामान, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार संबद्ध देश से आयात किए जा रहे संबद्ध सामानों की समान वस्तु हैं।

ड) चीन जन.गण. और सिंगापुर से संबद्ध सामानों के आयातों के विरुद्ध पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए आवेदन-पत्र विनती ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था। आवेदक नियमावली के अभिप्राय से घरेलू उद्योग हैं।

च) संबद्ध सामानों का उत्पादन आरंभिक रूप से अप्रैल, 2020 में वीरल एडिटिव्स प्राइवेट लिमिटेड (वीएपीएल) द्वारा शुरू किया गया था। वीएपीएल और वीओएल के

बीच विलय अप्रैल 2021 से पूर्वव्यापी रूप से लागू किया गया। वीएपीएल द्वारा पूर्व में की गई सभी गतिविधियाँ अब वीओएल द्वारा की गई मानी जाती हैं। वीएपीएल का अस्तित्व समाप्त हो गया है और इसकी सभी कार्यकलाप और प्रचालन वीओएल द्वारा अपने हाथ में ले लिए गए हैं।

छ) आवेदक 2020, अर्थात् क्षति अवधि के आधार वर्ष से, प्रचालन में है और उसने संबद्ध सामानों का उत्पादन और बिक्री की है। तथापि, आवेदक ने अक्टूबर 2022 में अपने उत्पादन का वाणिज्यिकीकरण किया।

ज) आवेदक के अलावा, भारत में संबद्ध सामानों के दो अन्य उत्पादक हैं, अर्थात कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और एचपीएल एडिटिव्स लिमिटेड।

झ) कुल भारतीय उत्पादन का निर्धारण कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत वास्तविक सूचना और एचपीएल एडिटिव्स लिमिटेड से किसी भी पत्र के अभाव में, इसके सकल उत्पादन पर उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना पर विचार करके किया गया है।

ञ.) रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर, प्राधिकारी ने यह निर्धारित किया है कि आवेदक द्वारा किया गया उत्पादन निर्यात के लिए प्रयुक्त एचपीएल एडिटिव्स के उत्पादन को नज़रअंदाज़ किए बिना कुल या सकल भारतीय उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा है। अतः प्राधिकारी ने यह निर्धारित किया है कि आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

ट) संबद्ध देशों के बीएएसएफ ग्रुप और रियानलॉन ग्रुप ने वर्तमान जाँच में स्वयं को पंजीकृत किया और निर्धारित निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर किया। प्राधिकारी ने इन कंपनियों द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तर के आधार पर पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का निर्धारण किया है।

ठ) निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक, न्यूनतम से अधिक और काफी है।

ड) प्राधिकारी ने यह उचित समझा है कि चीन जन.गण. और सिंगापुर से संबद्ध सामानों के पाटित आयातों के घरेलू उद्योग पर प्रभाव का संचयी मूल्यांकन किया जाए।

ढ) वर्तमान मामला भारत में घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति का है, जहां घरेलू उद्योग एक नया उत्पादक है जिसने आधार वर्ष में उत्पादन शुरू किया है और उसके पास संपूर्ण क्षति अवधि के लिए पर्याप्त आंकड़े हैं।

ण) क्षति अवधि के दौरान संबद्ध सामानों की मांग में वृद्धि हुई है। आधार वर्ष से जांच की अवधि तक मांग में 48% की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में, जांच की अवधि में मांग में 35% से अधिक की वृद्धि हुई है।

त) जबकि आवेदक द्वारा देश में मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमताएं स्थापित करने के साथ आयात में कमी आनी चाहिए थी, संबद्ध देश से आयात में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग के पास अप्रयुक्त क्षमताएं होने के बावजूद जांच की अवधि में संबद्ध आयातों की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। संबद्ध देश से आयात की मात्रा देश में संबद्ध सामानों के कुल आयात की मात्रा का लगभग 80% है।

थ) खपत के संबंध में संबद्ध आयातों की मात्रा काफी है। यह देखते हुए कि आवेदक एक नया उत्पादक है, जिसकी उत्पादन मात्रा मांग में वृद्धि के साथ क्षति अवधि के दौरान बढ़ी है, भारतीय उत्पादन के संबंध में आयात की मात्रा क्षति अवधि के दौरान कम हुई है। तथापि, सापेक्ष रूप से आयात काफी बने हुए हैं।

द) आयात कीमत और घरेलू उद्योग की कीमतों के विश्लेषण से पता चलता है कि कीमत कटौती नकारात्मक है। घरेलू उद्योग, एक नया उत्पादक होने के नाते, सामग्री बेचने के लिए आयात की तुलना में थोड़ी कम कीमतों की पेशकश कर रहा था और आयात की पहुँच कीमत में उतार-चढ़ाव का अनुसरण कर रहा था।

ध) बिक्री कीमत में वृद्धि के बावजूद, घरेलू उद्योग उत्पादन लागत से कम कीमतों पर बिक्री कर रहा है। संबद्ध आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से भी कम हैं। संबद्ध सामानों की आयात कीमत ने घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर किया है। संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास किया है।

न) घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर ऐसे पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी निम्नलिखित निष्कर्ष पर पहुँचे हैं:

क. घरेलू उद्योग की क्षमताएँ पूरी तरह अप्रयुक्त थीं।

ख. घरेलू उद्योग ने अप्रैल 2020 में उत्पादन शुरू किया। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में वृद्धि देखी गई। तथापि, देश में माँग और घरेलू उद्योग की क्षमता को देखते हुए, उत्पादन और बिक्री दोनों ही अपेक्षित स्तर से काफी कम हैं।

ग. जबकि क्षति अवधि के दौरान माँग में घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है, संबद्ध आयात घरेलू माँग के अधिकांश हिस्से पर कब्जा कर लेते हैं। भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की हिस्सेदारी मुश्किल से 17% है। ऐसा तब है जब घरेलू उद्योग के पास देश की संपूर्ण माँग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

घ. घरेलू उद्योग कीमतों पर एक महत्वपूर्ण समझौते के बाद ही वर्तमान मात्रा को बेचने में सक्षम था। इसके उत्पाद की कीमत उत्पादन लागत से काफी कम रखी गई थी। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को महत्वपूर्ण वित्तीय हानियां हुई हैं।

ङ. माँग में वृद्धि के बावजूद, जाँच की अवधि में संबद्ध आयातों की मात्रा में वृद्धि के साथ घरेलू उद्योग के पास मालसूची का स्तर भी बढ़ा है।

प) घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

फ) प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षति रहित कीमत और आयातों की पहुंच कीमत पर विचार करने पर, यह देखा जाता है कि क्षति मार्जिन काफी है।

ब) गैर-आरोपण विश्लेषण से पता चलता है कि किसी अन्य कारक से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है, और पाटित आयातों के परिणामस्वरूप उसे वास्तविक क्षति हुई है।

170. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया था तथा घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के पहलू पर सकारात्मक सूचना प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क की जाँच शुरू करने और जांच करने पर और महत्वपूर्ण वित्तीय हानियों, नकद हानियों, निवेश पर नकारात्मक आय और उत्पादन क्षमताओं का पूरी तरह से कम उपयोग, घरेलू उद्योग के कम बाजार हिस्से पर पर विचार करने पर, प्राधिकारी का यह मत है कि क्षति पहुंचाने वाले पाटन को दूर

करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक है। अत:, प्राधिकारी संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक समझते हैं और उसकी सिफारिश करते हैं।

171. अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी, संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन से कमतर के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, ताकि घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त की जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के बराबर, केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से, 5 वर्षों की अवधि के लिए संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना आवश्यक समझते हैं और उसकी सिफारिश करते हैं।

शुल्क तालिका

क्र. सं.	शीर्ष	सामानों का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	राशि	यूओएम	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
	29054290, 29071990, 29072990, 29181990, 29182910, 29182990, 29183090, 29189990, 29202100, 29202910, 29202930, 29202990, 29209000, 29242990, 29309099, 29336990, 38112900, 38119000, 38123910 और 38123990*	कुछ एंटीऑक्सीडेंट **	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	बीएएसएफ केमिकल्स कंपनी लिमिटेड	280	एमटी	यूएस.डा.
2	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	रियानलॉन कारपोरेशन ,	शून्य	एमटी	यूएस.डा.

क्र. सं.	शीर्ष	सामानों का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	राशि	यूओएम	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
				सहित कोई देश	रियानलॉन (झोंगवेई) न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड, रियानलॉन (झुहाई) न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड			
3	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	क्र.सं. 1 से 2 को छोड़कर, कोई	761	एमटी	यूएस.डा.
4	-वही-	-वही-	चीन जन.गण. और सिंगापुर के अलावा कोई भी देश	चीन जन.गण.	कोई	761	एमटी	यूएस.डा.
5	-वही-	-वही-	सिंगापुर	सिंगापुर सहित कोई देश	बीएएसएफ साउथ ईस्ट एशिया प्राइवेट लिमिटेड.	562	एमटी	यूएस.डा.
6	-वही-	-वही-	सिंगापुर	सिंगापुर सहित कोई देश	क्र.सं. 5 को छोड़कर कोई	868	एमटी	यूएस.डा.
7	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	सिंगापुर	कोई	868	एमटी	यूएस.डा.

क्र. सं.	शीर्ष	सामानों का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	राशि	यूओएम	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
			और सिंगापुर के अलावा कोई भी देश					

**प्रशुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है।*

***विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में निम्नलिखित सीएएस संख्याओं या उनके समकक्ष के अनुरूप कुछ प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट शामिल हैं:*

क) *6683-19-8, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1010 और इसके समकक्ष के रूप में भी जाना जाता है। इसका रासायनिक नाम पेंटाएरिथ्रिटोल टेट्राकिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल) प्रोपियोनेट है।*

ख) *2082-79-3, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1076 और इसके समकक्ष के रूप में भी जाना जाता है। इसका रासायनिक नाम ऑक्टाडेसिल-3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल)-प्रोपियोनेट है।*

ग) *31570-04-4, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 168 और इसके समकक्ष के रूप में भी जाना जाता है। इसका रासायनिक नाम ट्रिस (2,4-डाइ-टर्ट ब्यूटाइलफेनिल) फॉस्फाइट है।*

घ) *23128-74-7, जिसे एंटीऑक्सीडेंट 1098 और इसके समकक्ष भी कहा जाता है। इसका रासायनिक नाम एन,एन'-हेक्सेन-1,6-डाइइलबिस (3-(3,5-डाइ-टर्ट-ब्यूटाइल-4-हाइड्रॉक्सीफेनिल-प्रोपियोनामाइड)) है।*

ड.) *125643-61-0, जिसे एंटीऑक्सीडेंट एल 135, या इसके समकक्ष भी कहा जाता है। इसका रासायनिक नाम बेंजीनप्रोपेनोइक अम्ल, 3,5-बिस (1,1-डाइमिथाइलएथिल)-4-हाइड्रॉक्सी, सी7-9-ब्रांच्ड एल्काइल एस्टर है।*

च) *(क) से (ड.) में उल्लिखित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंटों के मिश्रण*

छ) *(क) से (ङ.) में उल्लिखित संबद्ध एंटीऑक्सीडेंटों का किसी अन्य उत्पाद के साथ मिश्रण, यदि परिणामी मिश्रण में 50% या उससे अधिक संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट हों। इस जाँच के क्षेत्र में केवल ऐसे मिश्रण का संबद्ध एंटीऑक्सीडेंट ही शामिल है।*

ण. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

172. इन अंतिम जांच परिणामों में प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील सीमा प्रशुल्क अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय अधिकरण के समक्ष की जाएगी।

सिद्धार्थ

सिद्धार्थ महाजन
निर्दिष्ट प्राधिकारी